''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 38 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शुक्रवार, 07 फरवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## हरियाणा की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक परंपराओं को दुनिया में पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा सूरजकुंड मेला : कला रामचंद्रन

**सूरजकुंड शिल्प मेले में 42 देशों के 648 होंगे प्रतिभागी**

**सूरजकुंड शिल्प मेला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छोड़ेगा अपनी अमिट छाप**



**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड में 7 से 23 फरवरी तक आयोजित हो रहा 38वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला कला एवं संस्कृति का नई ऊर्जा और उत्साह के साथ इतिहास रचेगा। मेले में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहले से कहीं अधिक भागीदारी देखने को मिलेगी। मेले में 42 देशों के 648 प्रतिभागी इसमें हिस्सा लेंगे। मेले में ओडिशा और मध्य प्रदेश दो थीम राज्य हैं। मेले में पर्यटकों को अन्य प्रदेशों के साथ-साथ इन थीम प्रदेशों की समृद्ध संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। यह जानकारी हरियाणा पर्यटन निगम की प्रधान सचिव और सूरजकुंड मेला प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती कला रामचंद्रन ने गुरूवार को सूरजकुंड मेला परिसर में स्थित चौपाल में पत्रकारों को संबोधित करते हुए दी।

मेला परिसर में पत्रकारों को जानकारी देते हुए प्रधान सचिव कला रामचंद्रन ने बताया कि इस मेले के माध्यम से हरियाणा प्रदेश अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को देश-दुनिया में पहुंचाने में सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत शुक्रवार, 7 फरवरी को सुबह 10 बजे 38वें अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का शुभारंभ करेंगे। शुभारंभ अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह और प्रदेश के पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

प्रधान सचिव ने कहा कि सूरजकुंड अंतराष्ट्रीय शिल्प मेला दुनिया का सबसे बड़ा शिल्प मेला बन चुका है, जो भारत की समृद्ध कला परंपराओं को संजोए हुए है। उन्होंने कहा कि 38 वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला महज एक प्रदर्शनी नहीं है बल्कि यह कारीगरी, विरासत और वैश्विक एकता का उत्सव है। इस मेले को लेकर सभी प्रकार से पुख्ता प्रबंध किए गए हैं, पर्यटकों को यहां पर किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी से मेले की हर गतिविधि की निगरानी रहेगी। उन्होंने कहा कि 1987 में शुरू हुआ यह शिल्प मेला कारीगरों को सीधा बाजार उपलब्ध कराकर उनकी आजीविका को सशक्त बनाने और भारत सरकार के वोकल फॉर लोकल तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह मेला छोटे और मध्यम उद्यमियों के लिए एक लॉन्चपैड की तरह काम करता है। यह मेला विशेषतौर पर महिला उद्यमियों को उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद रहा है जिससे महिला सशक्तिकरण को बल मिलता है।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी धर्मपत्नी के साथ गुरुवार महाकुंभ में लगाई आस्था की डुबकी

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी के साथ गुरुवार को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में अरैल पक्का घाट पर पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना की तथा अध्यात्म एवं सनातन परम्पराओं के विराट समागम का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कुंभ का एक विशेष महत्व स्थान माना गया है। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के दौरान हर सनातनी संगम में पवित्र डुबकी लगाना चाहता है। शास्त्रों के अनुसार कुंभ में डुबकी लगाने से मोक्ष की प्राप्ति होती है, इसीलिए बड़े से बड़े ऋषि-मुनि और संत- महात्मा महाकुंभ में पवित्र स्नान के लिए विशेष तौर पर शामिल होने के लिए आते हैं। उन्होंने त्रिवेणी संगम की विशेषता को बयां करते हुए कहा कि माँ गंगा, यमुना, सरस्वती का संगम



है, भारत की धरा पर यह दृश्य विहंगम है। तीर्थराज प्रयाग दर्शन महान, दिव्य और अद्भुत है महाकुंभ का स्नान। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बुजुर्गों को भी महाकुंभ में पवित्र स्नान का अवसर प्रदान करने के लिए हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का विस्तार करते हुए महाकुम्भ को भी इसमें शामिल किया है। हर जिले से प्रयागराज के लिए विशेष बसें चलाई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी प्रयागराज के महाकुंभ मेले में स्थापित गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के आश्रम तथा कैलाशा नंद गिरी के आश्रम में पहुंचकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री के साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मोहन लाल बड़ोली व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

## अंबाला में बन रहे शहीद स्मारक का उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांगेंगे समय : कैबिनेट मंत्री अनिल विज

**शहीद स्मारक में निरीक्षण के दौरान मंत्री अनिल विज ने अधिकारियों को 10 मई तक शहीद स्मारक संपूर्ण करने के दिए निर्देश**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में सन् 1857 में देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की याद में बन रहे शहीद स्मारक के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से समय मांगेंगे और उन्हें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री उन्हें इसके लिए समय जरूर देंगे।अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हर हालत में 10 मई तक शहीद स्मारक बनकर जनता को समर्पित हो जाना चाहिए।

श्री विज आज अंबाला में जीटी रोड पर निर्माणाधीन आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक के निरीक्षण के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मेमोरियल टॉवर की लिफ्ट शुरू नहीं होने पर मंत्री अनिल विज ने एक्सईएन को निर्देश देते हुए कहा कि दस दिन तक लिफ्ट चल जानी चाहिए ।

उन्होंने कहा कि शहीद स्मारक एशिया का सबसे बड़ा स्मारक होगा। स्मारक में कलाकारों ने अपनी कला का कमाल करके बहुत ही शानदार एक्जीबिट बनाए हैं। शहीद स्मारक में आजादी की लड़ाई के एक-एक क्षण को दिखाया जाएगा और आज समारक के अंदर जाकर वह यह भी भूल गए कि आज 2025 है क्योंकि अंदर जाकर सभी चीजें देखकर उन्हें उस समय की आजादी की लड़ाई के समय की अनुभूति हो रही थी।

उन्होंने कहा कि इस स्मारक में आजादी के अनसंग हीरोज के बारे में पूरी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि स्मारक में जहां एक तरफ बहुत बड़ा कमल का फूल बनाया



गया है, तो वहीं दूसरी तरफ इसमें एक शानदार झील का भी निर्माण किया गया है। मेमोरियल टॉवर में ऊपर नीचे आने-जाने के लिए दो बड़ी लिफ्ट लगाई गई है। इसके इलावा, 2000 लोगों के बैठने की व्यवस्था के लिए आडिटोरियम बनाया गया है। आजादी की लड़ाई के शहीदों की पूरी कहानी बयान करने के लिए एक प्ले भी तैयार करवाया जा रहा है।

**म्यूजियम में आर्ट वर्क का बारीकी से निरीक्षण किया**

कैबिनेट मंत्री अनिल विज को आर्ट वर्क की प्रिंसिपल एसोसिएट रीतिका व अन्य टीम ने प्रथम तल पर हरियाणा में लड़ी गई लड़ाइयों का विवरण दिया।

श्री विज ने शून्य गैलरी का भी दौरा किया, जिसमें पेड़ों की स्थापना को दर्शाया गया है, जहाँ अंग्रेजों द्वारा अत्याचार किए गए थे और स्वतंत्रता सेनानियों को पेड़ से लटका दिया गया था।

श्री विज ने कहा कि पूरा स्मारक 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित होगा जिसमें उस समय परिदृश्य को बखूबी प्रदर्शित किया जाएगा। स्मारक में 1857 के समय हरियाणा क दृश्य के अलावा मेरठ, यूपी, झांसी की रानी, तांत्या टोपे, गुजरात और महान क्रांतिकारियों द्वारा देश को आजाद करवाने के लिए जो कुर्बानी दी उसको दर्शाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सारे देश के लोग यहां पर आकर स्मारक को देखेंगे तथा युवा पीढ़ी के साथ-साथ हमारे बच्चों को भी आजादी की लड़ाई के इतिहास के बारे में सम्पूर्ण जानकारी यहां से मिल सकेगी।

**झील व ओपन थियेटर होगा, हेलीपैड की भी व्यवस्था : विज**

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि शहीद स्मारक में सुंदर झील बनाई गई है। लगभग 2000 लोगों के बैठने के लिए यहां पर ऑडिटोरियम की व्यवस्था है। रोजाना यहां पर लाईट एंड साउंड का कार्यक्रम होगा जिसमें बेहतरीन डाक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई जाएगी।

## भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पानी को रिड्यूस, रीयूज, रिचार्ज व रीसाइकिल की है जरूरत: राव नरबीर सिंह

**पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने भौंडसी स्थित बीएसफ परिसर में विकास कार्यों का किया निरीक्षण**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने गुरुवार को अरावली पर्वत श्रृंखला की तलहटी में स्थित बीएसएफ कैंपस में जल संरक्षण की दिशा में प्रयासरत गुरुजल सोसाइटी द्वारा क्रियानवित कार्यों का निरीक्षण किया। जल संचयन के माध्यम से विकास की धारा को जारी रखने के उद्देश्य से गुरुजल सोसायटी द्वारा सीएसआर के सहयोग से 216 एकड़ में फैले बीएसएफ परिसर में विभिन्न तकनीकी माध्यम से जल संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं।

पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने अपने निरीक्षण दौरे में परिसर में विभिन्न स्थानों पर जल संरक्षण के लिए क्रियानवित विकास कार्यों का गहनता से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जल संचयन विशेषज्ञों द्वारा वहां अपनाई जा रही जल संरक्षण की विभिन्न तकनीकों की जानकारी भी ली। पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि जल और पर्यावरण संरक्षण भारत की पारंपरिक चेतना का हिस्सा है। भारत के लोग ऐसी संस्कृति से जुड़े हैं जिसमें जल को भगवान का रूप, नदियों को देवी और सरोवरों को देवताओं का निवास स्थान माना जाता है। उन्होंने कहा कि जल वह पहला मापदंड होगा जिसके आधार पर हमारी आने वाली पीढ़ियां हमारा मूल्यांकन करेंगी। जल सिर्फ़ एक संसाधन नहीं है, बल्कि यह जीवन और मानवता के भविष्य से जुड़ा सवाल है। पर्यावरण मंत्री ने जल संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ते हुए आगामी पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए रिड्यूस, रीयूज, रिचार्ज और रीसाइकिल के मंत्र को अपनाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार सतत कृषि की दिशा में ड्रिप सिंचाई जैसी तकनीकों को लगातार बढ़ावा दे रही है। ऐसे में किसान भाइयों को भी आगे बढकर इस योजना के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। गुरुजल की प्रोग्राम मैनेजर मनीषा मलिक ने पर्यावरण मंत्री को परियोजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 95 बीएसएफ भौंडसी परिसर, जो 216 एकड़ में फैला है, जिसमें 4,500 से अधिक निवासी रहते हैं। परिसर में भूजल स्तर में बढ़ोतरी करने व जलभराव जैसी स्थिति से निपटने के लिए गुरुजल सोसायटी द्वारा सीएसआर की मदद से जल-तटस्थ पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक विवेक सक्सेना, एसडीएम सोहना संजीव सिंगला, संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार, डीएफओ राजीव कुमार और नरेंद्र यादव, कमांडेंट ऑफिसर बीएसएफ जेआर मान (सेवानिवृत्त), गुरुजल की संस्थापक और सीईओ शुभी केसरवानी, नागरो की निदेशक सारिका पांडा भट्ट और गुरुजल की कार्यक्रम प्रबंधक मनीषा मलिक, सैयद मकबूल गिलानी, अंजली व बीएसफ के अन्य उपस्थित रहे।

## कृषि मंत्री ने मार्केटिंग बोर्ड के चार अधिकारी किये निलंबित

**ड्यूटी से मिले गैर हाज़िर**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के चार अधिकारियों को निलंबित करने के आदेश दिए। यह कार्रवाई मंत्री द्वारा यमुनानगर जिला के क़स्बा सढौरा और रायपुर रानी की अनाज मंडियों के औचक निरीक्षण के दौरान की गई। कृषि मंत्री ने सढ़ौरा अनाज मंडी का दौरा करते हुए जब अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जाँच की तो वहां पर तैनात मंडी सचिव धर्मेंद्र सिंह और नीलामी रिकॉर्डर बिजेंद्र सिंह ड्यूटी से अनुपस्थित मिले। इसके बाद उन्होंने रायपुर रानी अनाज मंडी का भी निरीक्षण किया, जहां मंडी सचिव नवदीप सिंह और नीलामी रिकॉर्डर राजकुमार भी अपनी ड्यूटी से गायब मिले। कृषि मंत्री ने मौके पर ही इन अधिकारियों के निलंबन का आदेश जारी किया।



**शिकायतों के बाद हुई औचक जांच**

कृषि मंत्री ने बताया कि इन दोनों मंडियों में अधिकारियों की नियमित अनुपस्थिति की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों की पुष्टि के लिए उन्होंने औचक निरीक्षण करने का फैसला किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**किसानों को सभी सुविधाएं देने के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान कृषि मंत्री ने रिकॉर्ड रजिस्टर की भी जांच की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में आने वाले किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने उच्च अधिकारियों को भी सख्त हिदायत दी कि सभी कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर निर्धारित समय पर अवश्य मौजूद रहें।

श्याम सिंह राणा ने कहा कि भविष्य में भी वह राज्य की सभी मंडियों और कार्यालयों का औचक निरीक्षण करेंगे। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे ताकि प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## नगर निगम चुनाव को लेकर गुडग़ांव प्रभारी, सहप्रभारी ने कार्यकर्ताओं से लिया फीडबैक

**प्रभारी करण सिंह दलाल ने कार्यकर्ताओं को सिंबल पर चुनाव लडने. के लिए किया आश्वस्त**

**कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक को हाईकमान के पास विचार के लिए भेजेंगे**

**बैठक में कार्यकर्ताओं ने सिंबल पर चुनाव लडने. का किया आग्रह**

**चुनाव कमेटी के सदस्यों ने भी बैठक में की शिरकत**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** नगर निगम चुनाव के संबंध में गुरुवार को कांग्रेस के गुडग़ांव प्रभारी करण सिंह दलाल व सहप्रभारी अशोक बुवानीवाला ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में निगम चुनाव को लेकर सभी के विचार लिए। कार्यकर्ताओं ने नगर निगम चुनाव सिंबल पर लडने. के लिए आग्रह किया। प्रभारी करण सिंह दलाल ने कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव लडने. के लिए आश्वस्त किया।

पूर्व निर्धारित बैठक में पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, नगर निगम चुनाव के लिए गुडग़ांव शहरी कनवीनर पंकज डावर, ग्रामीण कनवीनर विरेंद्र यादव, विधानसभा चुनाव में बादशाहपुर से वर्धन यादव, गुडग़ांव विधानसभा से प्रत्याशी मोहित ग्रोवर, पटौदी से पर्ल चौधरी के अलावा कमेटी के कॉ-कनवीनर गजेंद्र चौहान, मनीष खटाना, रामकिशन सेन,सुनीता वर्मा समेत अनेक वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस अवसर पर प्रभारी करण सिंह दलाल ने कहा कि कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ताओं की मेहनत से विधानसभा चुनाव में पार्टी का बेहतर प्रदर्शन रहा। कार्यकर्ताओं की मेहनत के बेहतर परिणाम रहे। उन्होंने कहा कि हम ऐसे संगठन के कार्यकर्ता हैं, जिसका इतिहास देश को बनाने का है। देश को मजबूत करने का है। देश के लिए कुर्बानी देने का है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी पार्टी के प्रति हमेशा निष्ठाभाव से ही काम करना है। हर कार्यकर्ता अपने आप में महत्वपूर्ण होता है। बिना कार्यकर्ताओं के कोई भी पार्टी खड़ी नहीं की जा सकती और ना ही मजबूत किया जा सकता है। कांग्रेस में कार्यकर्ताओं को हमेशा उचित सम्मान दिया जाता है। सभी की बात को ध्यान से सुना जाता है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर नगर निगम चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं की मांग पर सिंबल पर चुनाव लडने. के लिए कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया।

सहप्रभारी अशोक बुवानीवाला ने कहा कि हम सब अपनी पार्टी के कर्मठ सिपाही हैं। आगे भी हमें इसी मजबूती के साथ अपनी पार्टी के लिए काम करना है। जैसे पहले के चुनावों में हमने काम किया है, ऐसे ही आगे के चुनावों में भी हमारी भूमिका रहेगी।

उन्होंने कहा जो आवेदन वार्डवाइज मांगे हैं, वे कमेटी को सौंप दें। हम एक होकर चुनाव लड़ेंगे ।वार्डों में जाकर जमीनी स्तर पर काम करते हुए जानकारी जुटाएंगे। उसी के आधार पर आगे की रणनीति तय होगी।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट: मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

**प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची**

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# महाकुंभ में सीएम नायब सैनी ने लगाई डुबकी

## संगम में नावों के चलाने पर रोक, भीड़ से पार्किंग फुल, शहर में जाम






प्रयागराज। महाकुंभ का आज 25वां दिन है। आज 7 से अधिक श्श्रद्ध मूवमेंट आज महाकुंभ आए हैं। केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक, भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद, हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी, मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने संगम में स्नान किया। सैनी पूरे परिवार के साथ महाकुंभ पहुंचे थे। बोट की सवार भी की। महाकुंभ में एक बार फिर भीड़ बढ़ गई है। दोपहर होते-होते संगम जाने वाले सभी रास्ते श्रद्धालुओं से भर गए। अब आसपास के जिले और प्रयागराज शहर के लोग परिवार के साथ महाकुंभ पहुंचने लगे हैं। संगम में नावों के संचालन पर रोक लगा दी गई है। मेले के आसपास जो भी पार्किंग बनाई गई है, वह सभी भर गईं। सारी गाड़ियों को वापस किया जा रहा है, इसकी वजह से हर तरफ लंबा जाम लग गया है। कानपुर रोड, सुलेम सराय में एक साइड की रोड जाम है। मेले में आज पास वाली गाड़ी और बाइक को एंट्री दी जा रही है। 13 जनवरी से अब तक 40 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। सरकार का अनुमान है कि इस बार महाकुंभ में करीब 45 करोड़ लोग स्नान करेंगे। गाड़ी पार्क कर संगम घाट तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को करीब 3 किलोमीटर पैदल चलना होगा। मेले के अंदर बैरिकेडिंग हटा दी गई हैं। भीड़ अब एक से ज्यादा रास्तों से अलग-अलग घाटों तक पहुंच रही है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने आज त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया और इस अलौकिक क्षण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देने वाला अनुभव बताया। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी लगाते हुए उन्होंने देश की शांति, एकता और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संगम में डुबकी लगाई। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे वह प्रयागराज पहुंचे। एयरपोर्ट पर स्थानीय भाजपा के नेताओं ने उनका स्वागत किया। सीएम के साथ हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के अलावा परिवार के कई सदस्य थे। सीएम सैनी ने परिवार के साथ अरैल पहुंचकर त्रिवेणी में डुबकी लगाई। यूपी के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने मुख्यमंत्री सैनी का कुंभ कलश भेंट कर भव्य स्वागत किया। सीएम सैनी ने कहा, महाकुंभ केवल आस्था का संगम नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की जीवंत धरोहर है। यह आयोजन भारत की आध्यात्मिक शक्ति और सांस्कृतिक विरासत का भव्य प्रतीक है, जिसे आज पूरा विश्व देख रहा है और गौरव की अनुभूति कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस विराट आयोजन की भव्यता की सराहना करते हुए कहा कि महाकुंभ 2025 सनातन धर्म की दिव्यता और गौरवशाली परंपराओं का प्रतीक बनेगा। केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक ने संगम स्नान किया। उन्होंने कहा-यह आयोजन भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की दिव्यता को दिखाता है। इस स्तर का आयोजन करना एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन योगी सरकार ने इसे पूरी तरह सफल बनाया है। काशी विद्यापीठ के छात्र रूपेश ने महाकुंभ क्षेत्र में रेती पर सैंड आर्ट तैयार किया। जिसमें उन्होंने शेषनाग और भगवान शिव के अमृत पीते हुए दिखाया है। महाकुंभ के सहजानंद सरस्वती के शिविर में महामृत्युंजय यंत्र का प्रतिरूप बनाया गया है। यहां 4 प्रहर में वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा रुद्रपाठ और महामृत्युंजय मंत्र का पाठ किया जा रहा है। कहा जाता है कि महामृत्युंजय पाठ और यंत्र के प्रभाव से नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाती है। मेले में आज पास वाली गाड़ी और बाइक को एंट्री दी जा रही है। गाड़ियों को मेले से ठीक पहले वाली पार्किंग में खड़ा करवाया जा रहा है। जैसे जो व्यक्ति लखनऊ साइड से आ रहे हैं, वह सिविल लाइंस और सीएमपी तक अपने वाहन से आ-जा रहे हैं। गाड़ी पार्क कर संगम घाट तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को करीब 3 किलोमीटर पैदल चलना होगा। मेले के अंदर बैरिकेडिंग हटा दी गई हैं। भीड़ अब एक से ज्यादा रास्तों से अलग-अलग घाटों तक पहुंच रही है।

## थाई मंदिर में माघी पूजा को लेकर हुई बैठक



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध स्थली स्थित थाई मंदिर परिसर में माघी अमावस्या के अवसर पर 20 से 24 फरवरी तक आयोजित चार दिवसीय बुद्ध धातु शोभायात्रा समारोह को लेकर एक तैयारी बैठक की गई। जिसमें आयोजन की सफलता को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई। बुधवार की शाम को आयोजित बैठक थाई मंदिर के प्रमुख भिक्षु फ्राविडेश्वचिरायन (डा0 पी सोम पोंग) के देख रेख में हुई बैठक में माघी पूजा को लेकर विचार विमर्श किया गया। भिक्षु फ्राविडेश्वचिरायन ने बताया कि तथागत बुद्ध के निर्वाण के बाद अंतिम संस्कार के बाद उनकी राख को आठ गणराज्यों में बांटा गया था। कार्यक्रम में 20 फरवरी को बुद्ध पर आधारित गीत प्रतियोगिता में 30 स्कूलों के बच्चे भाग लेंगे। 21 फरवरी को बुद्ध व थाई राजाओं पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता, मेडिटेशन, 22 फरवरी को बुद्ध का विशेष पूजन, थाई क्लिनिक में निःशुल्क चिकित्सा कैंप, 23 फरवरी को थाई मंदिर में किंग रामा 9 की प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर आह्वान पूजन, 16 थाई अतिथियों की उपस्थिति में विशेष पूजा, ओपनिंग सेरेमनी/ वार्षिकोत्सव, बुद्ध धातु शोभायात्रा थाई मंदिर से महापरिनिर्वाण मंदिर तक, 24 फरवरी को बुद्ध धातु शोभायात्रा महापरिनिर्वाण मंदिर से रामा स्तूप तक, शाम को थाई मंदिर स्थित चैत्य पर 108 अतिथियों व भिक्षुओं द्वारा पूजन से होगा। इस अवसर पर फ्रा खू सोन क्रान, अंबिकेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड, सूरज यादव, ध्रुव सिंह पटेल, विनोद कुमार जायसवाल, आरडी यादव, टीके राय आदि मौजूद रहे।

## बेहतर मातृत्व स्वास्थ्य बनाना सम्मेलन का उद्देश्यः आशुतोष

**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** सीएचसी कसया के अन्तर्गत आयुष्मान आरोग्य मन्दिर चकदेईया के परिसर में गुरुवार को सास-बेटा-बहू सम्मेलन आयोजित कर उपस्थित लोगों को परिवार नियोजन हेतु जागरूक किया गया।



मुख्य अतिथि वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र ने कहा कि सास-बेटा-बहू सम्मेलन कराने का उद्देश्य यह है कि मातृत्व शिशु मृत्यु दर में कमी लाने और बेहतर मातृत्व स्वास्थ्य के लिये जरूरी है कि शादी के दो साल बाद पहले बच्चे के जन्म की योजना बनाई जाये और दूसरे बच्चों में कम से कम तीन वर्ष का अंतराल अवश्य रखे। परिवार में सभी मिलकर एक साथ रहे। परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों का उपयोग कर खुशहाल जीवन व्यतीत करें।

अध्यक्षता कर रहे ब्लाक लेखा प्रबन्धक राकेश पांडेय पिंटू ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं तथा नवजात शिशुओं को जो भी सुविधाएं दी जा रही है उसका उपयोग आप सभी करे तथा कोई भी स्वास्थ्य सम्बन्धी दिक्कत हो तो तत्काल अपनी आशाओं को सूचित करें। गर्भवती महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संचालन एवं अतिथियो का स्वागत सीएचओ स्वाती सिंह ने किया। आभार एएनएम पूनम कन्नैजिया एवं सविता मौर्य ने व्यक्त किया। इस दौरान आशा पुष्पा, होसिल, रिंकी, कुशमावती, अंजली, इसरावती, निर्मला, सरिता शर्मा, प्रेमलता, कुसुम, कविता आदि मौजूद रहीं।

## कसाड़ा बैठक में महायोजना 2031 और भारत सरकार की अमृत योजना 2.0 पर विचार

**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** कुशीनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण कसाड़ा की 18 वीं बैठक मंडला आयुक्त गोरखपुर मंडल गोरखपुर अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें पर्यटन विकास, पथ प्रकाश, तीन वर्ष का लेखा जोखा, स्टांप शुल्क, भवनों का नक्शा, फूड जोन, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट आदि पर प्रस्तावों पर चर्चा की गई और महायोजना 2031 और भारत सरकार की अमृत योजना 2.0 पर विचार किया गया। बैठक में मंडलायुक्त ढींगरा ने कसाड़ा की विकास योजनाओं की प्रस्तावित और चल रही योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधूरे कार्यों को समय से पूरा कराए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में नव निर्मित हिरण्यवती नदी घाट को टूरिस्ट हब बनाने, नदी में पानी की सुनिश्चितता, घाट पर सीढ़ी, शेड, फूड प्वाइंट, वोटिंग, करुणा सागर घाट पर पैडल बोटिंग के लिए संचालन नीलामी, महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रद्यौगिकी विश्वविद्यालय की प्रस्तुत भवन निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने, पर्यटन विकास को लेकर इलेक्ट्रिक बस खरीदने, एनएच 28 अनिरुद्धवा नहर से गोपालगढ़ तक स्ट्रीट लाइट लगवाने, बुद्ध घाट से रामा भार तक वॉकिंग जोन, देवरिया पुल के पास बने घाट को पर्यटन के लिए विकसित करने, देवरिया बुद्ध मार्ग पर यात्री शेड, मधुरिया स्थित कुकुट्ठा नदी घाट पर तीन नग सोलर लाइट, मेडिटेशन हट निर्माण हेतु अनुमोदन राशि से अधिक भुगतान हेतु सहित तीन दर्जन प्रस्तावों पर चर्चा और विचार किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी विशाल भरद्वाज, जिला अधिकारी देवरिया, सीडीओ कुशीनगर, एसडीएम/सचिव कसाड़ा परितोष मिश्रा, अपर जिलाधिकारी, ईओ कुशीनगर अंकिता शुक्ला, अधिशाषी अधिकारी, एई, डीएमओ, एसई, आरएफओ सहित जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहे।

## नई शिक्षा नीति पर शैक्षिक गोष्ठी 08 फरवरी को, विशेष अवकाश स्वीकृत

**संवाददाता**

**कुशीनगर ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ, मण्डल गोरखपुर के तत्वावधान में नई शिक्षा नीति विषय पर एक महत्वपूर्ण शैक्षिक गोष्ठी का आयोजन 08 फरवरी, शनिवार को एम.पी.पी. आर्य कन्या इंटर कॉलेज के प्रांगण में किया जा रहा है। इस गोष्ठी में भाग लेने वाले सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं को संयुक्त शिक्षा निदेशक, सप्तम मण्डल, गोरखपुर द्वारा विशेष अवकाश स्वीकृत किया गया है। शिक्षा समाज की प्राणवायु है, इसके बिना सभ्य एवं सुसंस्कृत समाज की कल्पना असंभव है। वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में कई चुनौतियाँ हैं और नित-नए प्रयोग हो रहे हैं, जो पूरे ताने-बाने को झकझोर रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में इस शैक्षिक गोष्ठी में नई शिक्षा नीति पर शिक्षाविदों द्वारा व्यापक मंथन किया जाएगा। गोष्ठी में गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया और महराजगंज जनपदों के सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है। गोष्ठी को सफल बनाने के लिए सम्पर्क अभियान के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों का दौरा किया जा रहा है और शिक्षकों से इसमें भाग लेने का अनुरोध किया जा रहा है। मंडल अध्यक्ष प्रह्लाद केशरी, जिला अध्यक्ष साहित्य विद् नंदा पांडेय तथा जिला मंत्री डा.संजय मिश्र ने शिक्षकों से अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। शिक्षकों के व्यापक सहयोग और भागीदारी से यह गोष्ठी शिक्षा नीति पर महत्वपूर्ण विमर्श का मंच बनेगी।

## हमीरपुर में मानसिक रोगी की संदिग्ध मौत

**हमीरपुर ।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र में श्याम नाले के पास बबूल के पेड़ पर 30 वर्षीय एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान गुसयारी निवासी सुनील निषाद के रूप में हुई है। पुलिस की जांच में सामने आया कि सुनील मानसिक रोग से पीड़ित था और उसका इलाज एक मनोचिकित्सक के यहां चल रहा था। मानसिक स्थिति के कारण ही लगभग चार साल पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। परिजनों के अनुसार, सुनील अक्सर बिना बताए घर से निकल जाता था। बुधवार की रात भी वह घर से निकला था, जिसके बाद परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। गुरुवार को टिकरी बुजुर्ग गांव के पास श्याम नाले के किनारे स्थानीय लोगों ने शव को देखा और पुलिस को सूचना दी।



कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के आशीर्वाद से श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज के शिष्य सुमेर गिरी महाराज अंतर्राष्ट्रीय सचिव बने

**संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ में जूना अखाड़ा से बडी संख्या में साधु-संत जुड़े। जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज व जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के आशीर्वाद से महामंडलेश्वर आदि भी बनाए गए। इसी कडी में जूना अखाड़े की विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ गुहावटी, असम की कामख्या पीठ से जुडी शाखा दसनामी अखाड़े का अंतर्राष्ट्रीय सचिव सुमेर गिरि महाराज को बनाया गया। श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के आशीर्वाद व जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज, श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर व जूना अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज, श्रीमहंत सहदेवानंद गिरि आदि की सर्वसम्मति से श्रीमहंत महेश पुरी महाराज ने सुमेर गिरि महाराज के नाम की पुकार की जिसके बाद उन्हें दसनामी अखाड़ा कामख्या तीर्थ का अंतर्राष्ट्रीय सचिव बनाया गया। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि सुमेर गिरि महाराज जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज के शिष्य हैं और अपने गुरू के दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए सनातन धर्म की रक्षा व उसे मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति का परचम वे विश्व भर में प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।





इसी कारण उन्हें जूना अखाड़े शाखा दसनामी अखाड़ा कामख्या सिद्धपीठ गुहावटी असम का अंतर्राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। दीपेश्वरी गिरी महाराज भी इस दौरान मौजूद रहे। जूना अखाड़ा टीवी की ओर से सुमेर गिरि महराज को अंतर्राष्ट्रीय सचिव बनने पर बधाई दी गई।

## संक्षिप्त डायरी

### हमीरपुर की कुरारा पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संवाददाता**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की कुरारा पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत मु०अ०सं० 253/2018 धारा 323,504, 506 आईपीसी के तहत थाना क्षेत्र के उमराहट निवासी 32 वर्षीय मुल्जिम लल्लन सिंह उर्फ भुल्लन सिंह उर्फ हेमन्त पुत्र स्व० लाखन सिंह को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। मुल्जिम को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खासतौर से एस आई राजेन्द्र प्रसाद सिह कांस्टेबल शिवांक सहित हैड कांस्टेबल सत्येन्द्र सिह शामिल रहे।



### नैशनल गर्ल्स चाईल्ड डे के मौके पर हुआ सेमिनार का आयोजन

**संवाददाता**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में नेशनल गर्ल्स चाइल्ड डे के मौके पर कन्या शिशु पैदाइश की तादाद बढाने के लिये जोर शोर से प्रचार प्रसार सहित जन जागरूकता के मद्देनजर तेज तर्रार जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में हुआ सेमिनार का आयोजन। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि लड़का और लड़की दोनों बराबर हैं, उनमें किसी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिये। जिलाधिकारी ने कहा कि लड़कियां लड़को के मुकाबले में आगे हैं, साथ ही लड़कों से कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं ,उन्हें मौका दिये जाने की जरूरत है। जिलाधिकारी ने कहा कि हर इंसान लड़कियों की पढ़ाई पर खासतौर से गौर करे। जिलाधिकारी ने कहा कि लड़के के शिक्षित होने से एक घर, जबकि लड़कियों के शिक्षित होने से दो घर शिक्षित होते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि करोना महामारी के दौरान महिलाओं ने आशा, एएनएम सहित डॉक्टर के तौर पर लाखों लोगों की जिंदगी को बचाया है। वो शिक्षक डॉक्टर सहित अलग-अलग रोल में देश के विकास में अपना सपोर्ट दे रही हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि मुखालिफ हालात में लड़कियां लड़कों के मुकाबले बेहतर तरीके से सरवाइव कर आगे बढ़ जातीं हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाएं,लड़कियां भारत सहित पूरी दुनिया में राष्ट्रपति ,प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उच्च प्रशासनिक पदों आईएएस आईपीएस, सेना, पायलट के तौर में अपना , अपने घर फैमिली सहित मुल्क का नाम रोशन कर रही हैं। इसलिये उनसे किसी तरह का भेदभाव न किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं को आगे करना विकसित समाज की पहचान है। जिलाधिकारी ने कहा कि बालिकाओ को आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में संचालित होने वाले अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर स्वास्थ्य विभाग नियमित तौर से निगरानी रखी जाय, साथ ही वहां पर लिंग की जांच तो नहीं हो रही है, इसके लिये सीकरेट तौर पर जांच कराकर सख्त कार्यवाही की जाय। इस मौके पर अधिकारियों और बुद्ध जीवियों ने बालिकाओ के उत्थान पर अपने-अपने विचार पेश किये। कार्यक्रम का शानदार संचालन स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल यादव ने किया। इस मौके पर सीएमओ डॉ गीतम सिंह , सीएमएस महिला, पुरूष अस्पताल , डीपीओ शैलेन्द्र सिंह, डिप्टी सीएमओ सहित एसीएमओ मौजूद रहे।



### कंवर इंटर प्राईजेज बेरी इन्द्पुरी के मोरम खण्ड 10/6 के बेखौफ दबंग मोरम माफिया प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से अवैध खनन कर हमीरपुर खनिज अधिकारी विकास परमार को दे रहे हैं कार्यवाही की खुली चुनौती

**संवाददाता**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के बेरी इन्द्पुरी कंवर इंटर प्राईजेज मोरम खण्ड 10/6 के दबंग और बेखौफ संचालक एनजीटी और प्रदेश सरकार के नियमों को ताख पर रखकर तेज तर्रार डीएम घनश्याम मीना की रोक के बावजूद प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से नदी की जलधारा में धडल्ले से मोरम का अवैध करने के साथ ही खण्ड में आने वाले ट्रकों में ओवर लोडिंग और अवैध परिवहन कर शासन को लगा रहे हैं लाखों के राजस्व का चूना, वहीं इस खण्ड के दबंग और बेखौफ मोरम माफिया नये खनिज अधिकारी विकास परमार को दे रहे हैं कार्यवाही की खुली चुनौती, जबकि दबंग और बेखौफ खण्ड संचालक अपने खण्ड के अलावा बगल के बंद पडे.खण्ड में भी अवैध खनन करने से बाज नहीं आ रहे हैं, हालांकि 10/5 खण्ड में इन माफियाओं के अवैध खनन किये जाने के बारे में पिछले दिनों विवेक सिंह ने हमीरपुर जिलाधिकारी से मिलकर उनके खण्ड में किये जा रहे अवैध खनन की शिकायत भी कर चुके हैं। अब देखना ये होगा, कि क्या मोरम का अवैध खनन, ओवर लोडिंग के साथ ही अवैध परिवहन करने वाले इस खण्ड के दबंग और बेखौफ मोरम माफियाओं के खिलाफ तेज तर्रार खनिज अधिकारी विकास परमार लगाम लगाने का कार्य कब करेंगे।




### उज्ज्वल सिंह बने मिलिट्री इंजीनियरिंग सेवा में अवर अभियंता

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** फाजिलनगर विकास खंड के लवकुश पश्चिम पट्टी निवासी उज्ज्वल सिंह ने कर्मचारी आयोग द्वारा आयोजित मिलिट्री इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर अवर अभियंता के पद पर चयनित होकर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। उज्ज्वल सिंह के पिता दर्शन सिंह लोक निर्माण विभाग में अवर अभियंता के पद पर तैनात हैं। उज्ज्वल की प्रारंभिक शिक्षा बाराबंकी से हुई और अब वे भी इंजीनियरिंग सेवा में योगदान देने जा रहे हैं। उनके चयन पर भाजपा नेता व शिक्षक राणा प्रताप मिश्र, भाजपा मंडल अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, रामाशीष सिंह, हरे राम सिंह, प्रधान प्रतिनिधि अनिल प्रजापति, अनवर अंसारी, नागेंद्र पांडेय और शिवकुमार पांडेय सहित गणमान्य लोगों ने उन्हें शुभकामनाएँ दी हैं।



# केस दर्ज नहीं करने के विरोध में बिजली कर्मियों का धरना जारी

**नगीना में बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर हुआ था हमला**

**जांच दल के दो सदस्यों को आई थी मामूली चोटें**

**नगीना बिजली कार्यालय के बाहर शाम तक धरने पर डटे रहे कर्मचारी**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** कस्बा नगीना के अनुसूचित जाति मोहल्ले में बिजली कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने धरना दिया। चेतावनी दी गई कि यदि 24 घंटे के अंदर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो आंदोलन लंबा चलेगा जिसका खामियां पुलिस विभाग को भुगतना पड़ेगा। इस दौरान पुलिस विभाग मुरादाबाद बिजली कर्मचारी जिंदाबाद के नारे भी जोर-शोर से लगाए गए। बृहस्पतिवार को धरने का आयोजन हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन व ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन द्वारा किया गया। जिसमें नगीना बिजली सब डिवीजन के सैंकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया। हालांकि, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के उपमंडल कार्यालय की तरफ से 1 फरवरी को लिखित शिकायत नगीना पुलिस थाने में दी गई थी जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस घटना से नाराज बिजली कर्मचारियों ने मजबूरन धरना देकर अपना विरोध जताया है। नगीना कस्बा में 1 फरवरी को बिजली चोरी पकड़ने गई अनुसूचित जाति मोहल्ले में कई लोगों ने हमला किया था जिसमें दो कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने पुलिस की मदद से जिला नागरिक अस्पताल अल आफिया मांडीखेड़ा में पहुंचाया था। हरियाणा स्टेट इलेक्शन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन के प्रधान बिजेंद्र कुमार ने बताया कि नगीना बिजली विभाग की टीम पर कई दिन पहले जानलेवा हमला हुआ था। शिकायत देने के बावजूद नगीना पुलिस थाना द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है, न ही आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। इस घटना से बिजली कर्मचारियों में गुस्सा है इसलिए धरना दिया गया है। अगर मांगे पूरी नहीं की गई तो यह धरना आगे भी जारी रहेगा। ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन के प्रधान आसिफ खान ने बताया कि बिजली निगम के अधिकारियों ने नगीना पुलिस थाना से बात की है और हमारी यूनियन के पदाधिकारी भी जांच अधिकारी से मिलकर आए हैं लेकिन पुलिस विभाग ने कोई कार्रवाई अभी तक नहीं की है। उन्होंने बताया कि दोनों वर्कर्स यूनियनों ने फैसला लिया कि धरना देकर विरोध करेंगे। आज का धरना सफल रहा है जिसमें सैंकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया है। शुक्रवार को बड़े स्तर पर धरना होगा और आगे की रणनीति बनाई जाएगी। प्रधान ने कहा कि नगीना के एक मोहल्ले में हमारी टीम पर रोहतास, श्याम पुत्रान नंदराम, प्रवीण पुत्र श्याम, राजपाल पुत्र चौक सिंह व सुमित ने हमला किया था। हमले में दो बिजली कर्मचारी घायल हुए थे जिनका इलाज जिला नागरिक अस्पताल मांडीखेड़ा में हुआ है। जल्दी ही पुलिस कप्तान से मिलेंगे।मौके पर जूनियर इंजीनियर नवनीत कुमार, जेई बलजीत सिंह, सचिव राज कुमार, महासचिव इरशाद अली, फोरमेन हामिद हुसैन, फोरमेन शौकत अली, लाइनमेन विजय कुमार, फोरमेन लियाकत अली समेत काफी संख्या में बिजली कर्मचारी मौजूद रहे।

# पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह जिला के गांव फिरोजपुर नमक में स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को हरियाणा शिक्षा विभाग पंचकूला के आदेश पर स्टेम मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जीव विज्ञान प्रवक्ता सीमा शर्मा ने बताया कि विज्ञान केंद्र की ओर से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना था। इसमें विद्यार्थियों को विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों और प्रयोग के माध्यम से विज्ञान के सिद्धांत को समझाया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने भाग लिया और विद्यार्थियों ने सुंदर-सुंदर मॉडल प्रस्तुत किए। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। इस तरह के आयोजन से न केवल विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है। बल्कि वह विज्ञान के प्रति और अधिक गंभीरता से सोचने लगते हैं। उन्होंने खेल-खेल में बच्चों को विज्ञान के सिद्धांतों को समझाया गया। विज्ञान के क्षेत्र में विद्यार्थियों का रुझान बढ़ाने के लिए सरकार की तरफ से कई प्रकार के अभियान चलाए जा रहे हैं। इस के जरिये खेल-खेल में बच्चों को विज्ञान के सिद्धांतों को समझाने की कोशिश की जा रही है। इस दौरान स्कूल स्टाफ से मनजीत, जाकिर , नरेश, योगेश, राजबाला, एकता, दीपिका, भूपेन्द्र, पवन सहित एसएमसी सदस्य मौजूद रहे।

# नूंह जिले में मनचलों को अनोखी सजा, लोगों ने पहले जमकर पीटा, फिर सिर मुंडवाया, गले में डाली गोबर के उपलों की माला

**महिला थाना में मामला 40 नंबर हुआ दर्ज, जिसमें धारा 351(3), 96, 323(बी),बी, एन, एस, 6 पॉस्को एक्ट के तहत दर्ज किया गया है।**

**पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया राउंड अप।**




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा के नूंह में मनचलों को लड़कियों से छेड़खानी करना भारी पड़ गया. गांव वालों ने दो मनचलों को पकड़कर पहले उसकी पिटाई की फिर उसके सिर के बाल काट दिए. साथ ही उसके गले में गोबर के उपले डाल दिए. इस पूरी घटना का वीडियो सामने आया है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा रहा है कि मनचलों को गांववालों ने घेर कर पहले जमकर पीटा, उसके कपड़े तक फाड़ डाले फिर उसके सिर के बाल काटे। दरअसल ये पूरा वाकया नूंह जिले के तावडू उपमंडल का है। कांगरका गांव में बुधवार को लड़कियों से छेड़खानी करते हुए पड़ोसी गांव चिलावली के दो युवकों को ग्रामीणों ने रंगेहाथ पकड़ लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने सरेआम उनके सिर के बाल काटकर उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया।

जब इस पूरे मामले को लेकर परिवार व ग्रामीणों से बात की गई तो पहले परिजनों ने बताया कि पिछले 6 महीने से पड़ोस के ही गांव चिलावली के इरफान और फरदीन गांव में आकर लड़कियों से छेड़छाड़ करते थे और पर्ची में लिखकर दिया करते थे कई बार परिवार के लोगों ने उन्हें समझाया और कल फिर गांव के लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और उनके पास से काफी सारी नींद की गोलियां मिली जो पुलिस को दे दी है और इसके अलावा उनके फोन में लड़कियों के फोटो भी मिले हैं। परिवार के लोगों का कहना है कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वही गांव के लोगों का कहना है कि यह पूरा मामला सही है काफी दिनों से ये युवक गांव की युवतियों को पर्चियां फेंक कर परेशान कर रहे थे। परिजनों ने कई बार चेतावनी दी उसके बावजूद उनकी हरकतें बंद नहीं हुई। बुधवार को दोनों युवक दोबारा गांव पहुंचे। ग्रामीणों ने दोनों को रंगेहाथों पकड़ लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने दोनों की पहले जमकर पीटाई की गई और फिर सरेआम उनके सर के बाल काट दिए वहीं परिजनों ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी।

महिला थाना प्रभारी मंजू ने बताया कि एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ सामुहिक दुष्कर्म करने की शिकायत मिली थी,जिस पर पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को राउंड अप कर लिया गया है। इस पूरे मामले में महिला थाना में मामला नंबर 40 दर्ज कर लिया गया है। जिसमें धारा 351(3),96,323(बी),बी,एन,एस ,6 पॉस्को एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। वहीं थाना प्रभारी का कहना है कि जो आरोपियों की बाल काटने की सोशल मीडिया पर विडियो वायरल हो रही है उसकी जांच की जा रही है।

# प्रदेश के राज्य मंत्री राजेश नागर के जन्मदिवस पर बधाई देने के लिए लोगों का लगा तांता



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** प्रदेश के राज्य मंत्री राजेश नागर के 56 वें जन्मदिवस (6 फरवरी) पर गुरुवार को उनके ग्रेटर फरीदाबाद भतौला निवास पर लोगों का तांता लगा रहा। उन्हें बधाई देने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। जिन्होंने नागर को फूलमालाओं, बुके और केक देकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्हें 84 पाल की ओर से पगड़ी बांधकर 56 किलो का केक भी काटा गया।

इस अवसर पर राज्य मंत्री राजेश नागर ने सभी के केक को काटकर स्वीकार किया। उन्होंने बधाई देने पहुंची सभी सरदारी और क्षेत्र की जनता का धन्यवाद किया और कहा कि मेरा जीवन आपकी सेवा में बीतेगा। इस बात के लिए मैं संकलपित हूं और आज अपने जन्मदिन पर इस बात को दोहरा रहा हूं। राजेश नागर ने हजारों की संख्या में केक काटे जिन्हें यहां पहुंचे लोगों के बीच वितरित किया गया। राजेश नागर ने कहा कि आप लोगों का प्रेम दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। इस अवसर पर जिला पार्षद, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, पंच और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# उद्योग स्थापना के आवेदनों को शीघ्रता से निपटाएं अधिकारी : अतिरिक्त उपायुक्त




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** अतिरिक्त उपायुक्त हितेश कुमार ने कहा है कि उद्योग विहार, आईएमटी मानेसर व जिला के अन्य औद्योगिक क्षेत्र में अधिकारियों के साथ तालमेल कर उद्योग संगठनों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नवनिर्माण के कार्य नगर निकाय चुनाव समाप्त होने के बाद होंगे। इससे पहले सफाई व्यवस्था आदि को बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे।

अतिरिक्त उपायुक्त हितेश कुमार आज उद्योग विभाग की ओर से आयोजित की गई जिला स्तरीय क्लियरेंस कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में नए उद्योग स्थापित करने के लिए जो आवेदन आए हैं, उनको एनओसी व सरकारी विभागों से संबधित लंबित कार्य को निष्पादित करने के अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग, वन विभाग, अग्निशमन विभाग, खनन विभाग, बिजली वितरण निगम आदि के अधिकारी उद्योग ईकाईयां स्थापित करने के आवेदनों को शीघ्र अति शीघ्र स्वीकृति प्रदान करें। कोई भी आवेदन अधिक समय तक लंबित नहीं रहना चाहिए।

बैठक में उद्योग विहार, आईएमटी मानेसर आदि के औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों ने अतिरिक्त उपायुक्त के समक्ष जनसमस्याओं को रखा। एडीसी ने एमसीजी व एमसीएम के अधिकारियों को इनका निराकरण करने के निर्देश दिए।

# हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा तावडू में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**तावडू/नूंह।** हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और श्रीमती पंखुडी कुमार जी के आदेशानुसार हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। वे एक गाँव से दूसरे गाँव, एक शहर से दूसरे शहर और एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय तक यह अभियान लेकर पहुँच रहे हैं। आज वे राजकीयय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तावडू में पहुंचे हुए थे।

विद्यालय के प्राचार्य भारत गौतम की अध्यक्षता में कार्यक्रम में 882 विद्यार्थियों, 42 शिक्षकों और 4 अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि नशे को प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त नशों में विभाजित किया जा सकता है।दोनों प्रकार के नशे मनुष्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं और भीतर तक को खोखला कर देते हैं तो भी प्रतिबंधित नशे मनुष्य के जीवन के लिए अभिशाप से कम नहीं।

# गृहमंत्री अमित शाह से मिले लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से मुलाकात की और प्रदेश से सम्बंधित कई अहम मामलों पर चर्चा की।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से मुलाकात करने के बाद लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने बताया कि उन्होंने श्री अमित शाह से प्रदेश के आधारभूत संरचना के विकास से सम्बंधित मामलों के अलावा कई अन्य विषयों पर बात की। श्री अमित शाह ने हरियाणावासियों के भले के लिए और अधिक काम करने पर बल दिया। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के लोगों के हित के लिए दिन रात कार्य कर रही है। प्रदेश के हर वर्ग और हर क्षेत्र के समान विकास की नीति के तहत पिछले लगभग साढ़े दस वर्षों से काम किया जा रहा है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस वर्ष लगभग पांच हजार किलोमीटर लंबी सड़कों के सुदृढ़ीकरण की योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश का प्रत्येक जिला नेशनल हाईवे से जुड़ चुका है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रदेश में सड़कों का जाल और मजबूत हो। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता से किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। गुणवत्ता से खिलवाड़ करने वाले ठेकेदारों और लापरवाही करने वाले अधिकारियों से सख्ती से निपटा जाएगा। हमारा लक्ष्य प्रदेश की जनता से किए गए संकल्पों को पूरा करना है। उन्होंने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग से संबंधित कार्यों के सम्बन्ध में वे स्वयं प्रतिदिन रिपोर्ट लेते हैं और लोगों की समस्या का चौबीस घंटे के भीतर समाधान किया जाता है।

## एएवाई व बीपीएल राशन कार्ड धारक महिलाएं पंजीकरण के बाद मात्र 500 रुपये में ले सकेंगी एलपीजी सिलेंडर

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

गुरुग्राम। हर घर-हर गृहिणी योजना के लिए जिले में अब तक 33318 लाभार्थी महिलाओं ने पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कर ली है। उपायुक्त अजय कुमार ने लोगों से अपील की कि पात्र व्यक्ति सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आएं। जनहित को ध्यान में रखते हुए जिला स्तर पर पंजीकरण शिविर लगाए जा रहे हैं। ऐसे में पात्र परिवार इसका लाभ लें।

**योजना की पात्रता व पंजीकरण के लिए अपनाए जा रहे मापदंडों की जानकारी देते हुए**

डीएफएसओ सौरभ कुमार ने बताया कि कुल 116 डिपो होल्डर स्तर पर पंजीकरण शिविर लगाने की व्यवस्था की गई है। योजना अनुसार अंत्योदय अन्न योजना(एएवाई) व गरीबी रेखा से नीचे(बीपीएल) राशन कार्ड धारक महिलाएं योजना में पंजीकरण के लिए पात्र हैं। योजना के तहत पंजीकृत परिवार की महिला मुखिया को मात्र 500 रुपये के भुगतान पर एलपीजी सिलेंडर दिया जाएगा, सिलेंडर की अतिरिक्त कीमत पर सरकार की ओर से सबसिडी के जरिए भुगतान किया जाएगा। जिले में अब तक कुल 33318 लाभार्थी योजना अनुसार पंजीकृत हुए हैं। योजना अनुसार पंजीकरण के लिए आवश्यक है कि पात्र महिला शिविर में परिवार पहचान पत्र(पीपीपी) के अलावा इसके साथ पंजीकृत मोबाइल नंबर की जानकारी व बैंक खाता पास बुक जैसे जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराए। डीसी अजय कुमार ने कहा कि शिविर में हर घर-हर गृहिणी योजना के तहत किए जा रहे पंजीकरण की फील्ड निरीक्षण करने के लिए जिला स्तर टीम नियुक्त की गई है। ऐसे में सभी कर्मचारी अपने स्तर पर सेवाएं सुनिश्चित करें। साथ ही गैस एजेंसी, बैंक व अन्य सबंधित सहयोगी विभाग अपने स्तर समन्वय कर पंजीकरण शिविर की पूर्ण सफलता सुनिश्चित करें। आदेश की पालना में लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# मंत्री राजेश नागर के जन्मदिन पर भाजपा पार्षद जितेन्द्र भड़ाना ने 501 बुजुर्गो को छड़ी बांटी



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार राजेश नागर के जन्मदिन पर आज निर्वतमान भाजपा पार्षद जितेन्द्र भड़ाना(जित्ते भाई) अपने सैकड़ो साथियों के साथ भतौला स्थित उनके निवास पर पहुंचे और वहां उन्होनें मंत्री राजेश नागर को पुष्प गुच्छा भेंट कर जन्मदिवस की ढ़ेर सारी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर राजेश नागर ने सभी के साथ मिलकर केक भी काटा और जितेन्द्र भड़ाना द्वारा लाई गई लगभग 501 बुजुर्गो की छड़ियों को बुजुर्गो में अपने हाथ से बांटा। इस मौके पर जितेन्द्र भड़ाना ने कहा कि ईश्वर से में कामना करता हुं कि मंत्री राजेश नागर को लंबी आयु दे तथा उन्हें स्वस्थ रखे ताकि इसी तरह वो जनता की जी जान से सेवा करते रहें।

**ईश्वर से में कामना करता हुं कि मंत्री राजेश नागर को लंबी आयु दे तथा उन्हें स्वस्थ रखे : जितेन्द्र भड़ाना**

## संपादकीय

# कानून का राज अभी तक पूरी तरह कायम नहीं

देश को अंग्रेजों से आजाद हुए 77 साल हो गए लेकिन कानून का राज अभी तक पूरी तरह कायम नहीं हो सका। राजनीतिक दलों के वोट बैंक के कारण जातिगत पंचायतें अभी भी कानून से इतर तुगलकी फरमान दे रही हैं। इन फरमानों के आगे शासन-प्रशासन बौने साबित हो रहे हैं। राजस्थान के करौली जिले में मीणा महासभा की महापंचायत ने लड़की पक्ष द्वारा विवाह से इंकार किए जाने पर ऐसा ही एक फरमान जारी कर दिया और प्रशासन मूक-बधिर बने खड़ा रहा। महापंचायत द्वारा गठित कमेटी ने रौंसी गांव के लड़की पक्ष के लोगों पर 11 लाख रुपए, रिश्ता तय करने में मध्यस्थ रहे दो जनों पर एक-एक लाख रुपए का दंड लगाया गया। साथ ही रौंसी गांव में लड़के पक्ष पर लगाए 11 लाख के दंड को महापंचायत ने खारिज दिया।




नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

साथ ही फैसला देने वाले रोंसी क्षेत्र के 5 लोगों को 1100 -1100 रुपए से दंडित कर 5 साल के लिए समाज की जाजम से बाहर करने की बात कही। जिन जनप्रतिनिधियों का काम कानून का शासन स्थापित कराना होता, वही कानून की धज्जियों उड़ाने वाले ऐसे आदिम फैसलों के समर्थन में खड़े नजर आए। इस महापंचायत में टोडाभीम विधायक घनश्याम महर भी पहुंचे। आश्चर्य की बात यह है कि शांति व्यवस्था व महापंचायत पर नजर बनाए रखने के नाम पर 50-60 पुलिसकर्मी भी मौजूद थे, किन्तु कोई कार्रवाई नहीं कर सके। महापंचायत की मनमाने निर्णय पर सत्तारुढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस ने कोई एतराज नहीं जताया। मानवाधिकार आयोग को भी अधिकारों के हनन करने वाले ऐसे निर्णय नजर नहीं आते। राजस्थान ही नहीं देश के दूसरे हिस्सों में भी जातिगत पंचायतें ऐसे फैसले सुनाती रही हैं। खाप पंचायतें अपने परंपरावादी फैसलों के लिए मशहूर रही हैं। मुजफ्फरनगर के सोरम गांव में खाप महापंचायत ने साल 2014 में फरमान जारी कर लड़कियों के जींस पहनने, उनके फोन और इंटरनेट यूज करने पर बैन लगाया गया था। कुछ लड़कियों के घर से भागने के बाद समाधान के रूप में यह ऐलान किया गया था। ऐसा केवल यूपी में ही नहीं हरियाणा जैसे राज्यों में भी बैन लगाया गया था। साल 2015 में बागपत में एक खाप पंचायत ने दो बहनों के साथ रेप करने और उन्हें निर्वस्त्र करके गांव में घुमाने का आदेश जारी किया था। उन्हें उनके भाई के अपराध की सजा दी गई। उनका भाई एक ऊंची जाति की महिला के साथ भाग गया था।

जुलाई 2010 में हरियाणा की सर्व खाप जाट पंचायत ने फरमान जारी किया कि लड़कियों की शादी के लिए उनके बालिग होने का इंतजार नहीं करना है। उनकी शादी अब 15 साल में ही कर देनी है। रेप की घटनाओं में हो रही बढ़ोतरी पर अंकुश लगाने के लिए यह आदेश जारी किया गया था। ऑनर किलिंग, समगोत्रिय विवाह और प्रेम विवाह को लेकर खाप पंचायत बेतुका बयान जारी करते रही हैं। खाप पंचायत को सुप्रीम कोर्ट की फटकार का ख्याल है और ना ही आलोचनाओं का, तभी तो उसके बेतुके फैसले तालिबानी और तुगलकी फरमान की तरह लोगों के सिर पर पहाड़ बन कर टूटते हैं। झज्जर की खाप पंचायत का मानना था कि आर्य समाजी ढंग से होने वाली शादियों पर तत्काल से प्रतिबंध लगा देना चाहिए। खाप ने यह बेतुका फरमान लव मैरज को रोकने के लिए सुनाया था। खाप पंचायत प्रेम विवाह के खिलाफ है। खाप ने आर्य समाज में होने वाली शादियों को दुकानदारी करार दिया था।

# भोजावास में रह रहे प्रवासी परिवार की झोंपडी में आग लगाने के आरोप में महिला नामजद

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-अटेली मार्ग स्थित गांव भोजावास में रह रहे एक प्रवासी परिवार के साथ मारपीट करने तथा उसकी झोंपडी में आग लगाने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस बारे में दाताम वासी बगला,जिला पीलीभीत, यूपी ने कनीना सदर थाना पलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले करीब 5 वर्ष से जयवीर निवासी खौह, तहसील मानेसर जिला गुरूग्राम के भोजावास में बने कुएं पर रहता है ओर मेहनत मजदूरी का कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करता है। 3 फरवरी को ज बवह खेत में फसल सिंचाई के लिए पाइपलाईन बदली कर रहा था, उस दौरान महिला रिहाना बेगम वासी भोजावास वहां पंहुची ओर उसकी झोंपडी में आग लगा दी। जिससे उसमें रखा फवारासेट, एल्युमीनियम पाइप, 4 हरे पेड, स्प्रे मशीन सहित अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व 25 जनवरी को भी रिहाना बेगम भोजावास ने दोनों पुत्रों मित्रों के साथ कुएं पर पंहुचकर मारपीट की थी। जिमें उसकी पत्नी की लोंग गुम हो गई थी। जिसका गांव वालों ने 5 हजार रूपये हर्जाना तय कर समझोता करवा दिया था। ये रूपये अब तक पीडित पक्ष को नहीं दिए गए हैं। दाताराम ने आगजनी की सूचना डालय 112 तथा दमकल विभाग को दी। जिससे पुलिस व मदकल कर्मियों ने मौके पर पंहुचकर आगजनी पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक सामान जलकर राख हो चुका था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आगजनी की आरोपी महिला के विरूध केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# पुलिस की सीआइए टीम ने दबिश देकर दो युवकों से दो देशी कट्टे व 3 कारतूस बरामद किए

## कनीना में गोशाला रोड पर पुलिस को मिली सफलता

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** पुलिस की महेंद्रगढ सीआईए की टीम ने कनीना में छापेमारी कर दो युवकों को अलग-अलग स्थानों पर अवैध हथियारों के साथ काबू किया है। कनीना शहर थाना पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। इस बारे में थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के दिशा निर्देशन मे सीआईए तथा पुलिस कर्मचारी नशाखोरी तथा अवैध हथियार काबू करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसी कडी में मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस ने बाबा राधेदास मंदिर के समीप दबिश देकर एक युवक को काबू किया। जिसकी तलाशी ली गई तो दाहिनी जेब से एक देशी कट्टा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। अवैध हथियार रखने के आरोपी युवक की पहचान संदीप वासी वार्ड 3 के रूप में हुई। इसी प्रकार पुलिस टीम ने गोशाला रोड गेट के समीप दबिश देकर दूसरे युवक को काबू कर पूछताछ की। जिसमें युवक की जेब से एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी युवक की पहचान मोहित उर्फ भूरा वासी कनीना के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों युवकों के विरूध आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# 1952 से संचालित कनीना नपा की 10 प्रधान व 9 प्रशासक संभाल चुके बागडोर

## 2 मार्च को होने वाले चुनाव को लेकर नागरिकों में बना उत्साह

### प्रधान साढे 12 लाख तो पार्षद खर्च सकते हैं 3 लाख






**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना में नगरपालिका का संचालन 1952 में हुआ था। उसके बाद अब तक 10 बार निर्वाचित बॉडी ने काम किया है वहीं 9 बार नपा की बागडोर प्रशासक के हाथ में रही है। 1999 में कुछ समय के लिए प्रदेश सरकार की ओर से नपा को भंग भी किया गयाथा। गौरतलब है कि नपा के पहले प्रधान चै बलबीर सिंह बने। उसके बाद चैधरी चाौधरी जानकी प्रसाद, संतोष कुमार, चैधरी बलबीर सिंह, राजेंद्र सिंह लोढा, उसके बाद बीडीपीओ सोहन लाल को प्रशासक लगाया गया। फिर मा दलीप सिंह प्रधान चुने गए। उनके बाद आईएएस वी राजा शेखर व बीडीपीओ मुनीलाल को प्रशासक नियुक्त किया। उसके बाद आरएस लोढा को प्रधान चुना गया। उनका कार्यकाल पूरा होने के बाद तहसीलदार एमएस मोरवाल को प्रशासक नियुक्त किया गया। उसके बाद संतोष देवी तथा शारदा देवी प्रधान चुनी गई। बाद में एसडीएम संदीप सिंह तथा अभिषेक मीणा आईएएस को प्रशासक लगाया गया। उसके बाद सतीश जेलदार प्रधान पद की कुर्सी पर आसीन रहे। बाद में एसडीएम सुरेंद्र सिंह, अमित कुमार नपा प्रशासक रहे। फिलहाल एसडीएम डा जितेंद्र सिंह अहलावत नपा के प्रशासक के रूप में कार्यरत हैं।

अब आगामी 2 मार्च को होने वाले कनीना नगरपालिका चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चुनाव को लेकर नागरिकों में उत्साह बना हुआ है। एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत की ओर से 14 वार्डों के लिए बनाए गए सभी 14 मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया गया है। जहां मतदान के दौरान जरूरी सुविधाएं तथा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए जाएगें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वार्ड के लिए मतदान केंद्र बनाया गया है। कनीना में इस बार नगरपालिका चेयरमैन का सीधा चुनाव होगा। यह पद सामान्य श्रेणी की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। जिसमें 10413 मतदाता प्रधान तथा पार्षदों का चुनाव करेगें। नगर पालिका चुनाव के लिए 6 जनवरी को अंतिम तिथि मानकर तैयार की गई मतदाता सूचि के मुताबिक 14 वार्डों में कुल 10413 मतदाता हैं। वार्ड एक में 648, दो में 877, तीन में 869, चार में 658,पांच में 794,छह में 687,सात में 797, आठ में 798, नो में 727, दस में 664,ग्यारह में 663, बारह में 813, तेरह में 770 तथा चैदह में 649 मतदाता शामिल हैं।

**11 फरवरी से एसडीएम कोर्ट रूम में दाखिल किए जा सकेगें नामांकन**

नगरपालिका प्रशासक एवं चुनाव के आरओ एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि नगर पालिका कनीना में 2 मार्च को होने वाले आम चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 11 फरवरी से शुरू होगी। जिसके लिए एसडीएम कनीना की कोर्ट में नामांकन दाखिल होंगे। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी से 17 फरवरी तक सुबह 11 बजे से सायं तीन बजे के बीच नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। 12 और 16 फरवरी को अवकाश के दिन नामांकन दाखिल नहीं होंगे। 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की छंटनी की जाएगी। 19 फरवरी को 3 बजे तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। इसके बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। 2 मार्च को सुबह 8 से सांय 6 बजे तक मतदान होगा। 12 मार्च को सुबह 8 बजे मतगणना शुरू होगी। उन्होंने बताया कि इन चुनावों के लिए प्रधान व सदस्य के लिए चुनाव खर्च सीमा निर्धारित की गई है। नगर पालिका प्रधान के लिए चुनाव खर्च सीमा 12.50 लाख रुपए निर्धारित की गई है जबकि सदस्य के लिए 3 लाख रुपए चुनाव खर्च सीमा निर्धारित है। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव खर्च का ब्यौरा चुनाव परिणाम घोषित होने के 30 दिन के अंदर-अंदर जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में देना होगा। ऐसा न करने की सूरत में प्रत्याशी को अगले 5 साल के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

**आदर्श चुनाव आचार संहिता के चलते हटाए होर्डिंग बोर्ड**

नपा चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए एसडीएम के निर्देश पर नपा कर्मचिारयों ने जगह-जगह लगे होर्डिंग बोर्ड,बैनर व पोस्टरों को उतारने का अभियान चलाया। कनीना-महेंद्रगढ रोड, मंडी, रेवाडी रोड सहित विभिन्न स्थानों पर लगे बोर्ड उतार कर वाहनों में डाले गए। इस अभियान में जेई राकेश यादव,लिपिक सुरेंद्र वाष्ठि, विक्की सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे।

# बागोत के मोहित के शव को आज शुक्रवार को रिसीव करेंगे परिजन

### सुसाइड केस में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई पर कैलाशचंद ने जताई संतुष्टि

### सुबह 8 बजे रिसीव कर परिजन शव को ले जाएगें काशी के मणिकर्णिका घाट

### परिजन भी रहेगें साथ, वहीं पर किया जाएगा अंतिम संस्कार

### 56 दिन से मोर्चरी में रखे शव को मिलेगी मुक्ति





**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सब डिवीजन के गांव बागोत निवासी 26 वर्षीय युवक, मोहित सुसाइड केस में बुधवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से दिए गए आदेश से संतुष्ट हुए वादी कैलाशचंद आज शक्रवार 7 फरवरी को अधिकारियों की उपस्थिति में उप नागरिक अस्पताल से शव को रिसीव करेगें ओर काशी के मणिकर्णिका घाट पर दाह संस्कार करने के लिए कूच करेगें। इस बाबत बृहस्पतिवार को कनीना के एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत, थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार की टीम बागोत पंहुची ओर कैलाशचंद व उसके परिजनों से बातचीत की। कैलाशचंद ने अधिकारियों से हाईकोर्ट के नोटिस को रिसीव कर लिया ओर आदेश पर संतोष जाहिर करते हुए युवक के शव का दाह संस्कार करने पर सहमति दी।

बुधवार को चंडीगढ हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान न्यायधीश हरप्रीत सिंह बरार के समक्ष पेश हुए कैलाश चंद एंव उनके अधिवक्ता अनमोल रतन सिद्धू,मनदीप कौर,कमल गुप्ता,सत नारायण यादव, राघव गुलाटी ने केस की पैरवी की। जिस पर हाई कोर्ट ने सरकार की ओर से पेश हुए सीनियर डीएजी सुखदीप परमार को एसआईटी को दुबारा से गठित करने तथा अन्य जिले के एसपी से आरोपों की जांच करवाने के आदेश दिए। सुनवाई के दौरान पीडित पक्ष की ओर से बीती 26 जनवरी को प्राकाशता एक अखबार की कटिंग भी पेश की गई जिसमें आरोपियों को क्लीन चिट देने सम्बंधी खबर प्रकाशित हुई थी। जिस पर कोर्ट ने कथित अभियुक्तों के खिलाफ एक आपराधिक मामला दर्ज करने और एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सहित एसआईटी के गठन के आदेश दिए। जिससे सही व निष्पक्ष तरीके से जांच हो सके। साथ ही कैलाशचंद को 3 दिन की अवधि के भीतर अपने मृत बेटे के शव का दाह संस्कार करने के आदेश दिए। यदि याचिकाकर्ता 3 दिनों के भीतर मृतक के शरीर का दावा करने में विफल रहता है, तो रेड क्रॉस के अधिकारियों को उसी के अनुसार अंतिम संस्कार करने की स्वतंत्रता होगी।

उल्लेखनीय है कि युवक मोहित ने बीती 13 दिसबर की रात्री के समय फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसकी सुचना मिलने पर पुलिस मौके पर पंहुची ओर शव को कब्जे में लेकर उसे उप नागरिक अस्पताल कनीना भिजवाया। जहां 14 दिसंबर को उसका पोस्टमार्टम करवा दिया गया। मृतक के पिता कैलाशचंद ने पूर्व मंत्री सहित 8 व्यक्तियों के विरूध केस दर्ज करने की मांग करते हुए युवक का अंतिम सस्कार न करने पर अडा हुआ था। पिछले 56 दिन से मोहित का शव उप नागरिक अस्पताल कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है। जिसका समय-समय पर चिकित्सक निरीक्षण कर रहे थे। वादी एंव प्रतिवादी पक्ष हाईकोर्ट के आदेश जारी होने की ओर टकटकी लगाए बैठे थे।

बागोत पंहुचे एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने कहा कि बृहस्पतिवार को हाईकोर्ट का नोटिस कैलाशचंद को दिया गया जिसे रिसीव कर लिया गया है। उन्होंने शुक्रवार सुबह 8 बजे अस्पताल की मोर्चरी से दाह संस्कार करने के लिए शव लेने को कहा है।

कनीना सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश पर मुदई की ओर से संतुष्टि जताई गई है। उनकी ओर से शुक्रवार सुबह शव लिया जायेगा।

पंजाब एंव हरियाणा हाईकोर्ट के एडवाकेट सत्यारायण यादव ने बताया वादी पक्षकार की ओर से एसपी की जांच व एसआईटी के गठन पर सवाल उठाए गए थे। जिस पर न्यायधीश हरप्रीत सिंह बरार ने इसकी जांच दूसरे जिले के एसपी से करवाने तथा दूसरी एसआईटी का गठन करने के आदेश दिए। इसके अलावा मृतक युवक का तीन दिन में दाह संस्कार करने का भी आदेश दिए थे। मृतक के वारिस संस्कार नहीं करते हैं तो रैडक्रॉस के अधिकारी इसका दाह संस्कार करवाए।

# एसडी स्कूल ककराला में हुई अग्रेंजी प्रशनोत्तरी प्रतियोगिता




**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** बृहस्पतिवार को एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में अंग्रेजी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को पाँच समूहों में बांटा गया था। प्रत्येक समूह में 6-6 विद्यार्थी शामिल थे। प्रतियोगिता का संचालन अगेरंजी विषय की अध्यापिका नरेश यादव, विनोद कुमारी व संदीप ने किया। चार चरणों में हुई प्रतियोगिता में बहुविकल्पीय प्रश्न रखे गए थे। टीम प्रथम, द्वितीय व तृतीय चरण में सभी समूहों के बीच मुकाबला रहा। वज्र व रेपिड फायर चक्र में बड़े काटे की टक्कर बनी रही। अन्त में बारह अंकों की बढ़त बनाते हुए टीम रोजवैली ने बढ़त बनाई। प्रत्येक चरण के अंकों के आधार पर टीम रोजवैली ने प्रथम, टीम ताजवैली ने द्वितीय व ग्रेटवैली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने विजेता टभीमों को पारितोषिक वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी प्रतियोगिताएं सिर्फ हार-जीत के लिए नही बल्कि ज्ञान और कौशल में वृद्धि करने के लिए होती है। इस अवसर पर कोर्डिनेटर ईश्वर सिहँ, कोर्डिनेटर जोगेन्द्र, स्नेहलता, प्रियंका यादव सहित शिक्षक उपस्थित थे।

# कनीना नपा कार्यालय में स्थानांतरित होकर सचिव कपिल कुमार ने ज्वाइन किया

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** नगरपालिका कार्यालय कनीना में कार्यरत सचिव समयपाल सिंह की 31 जनवार को हुई सेवानिवृत के बाद शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त विकास गुप्ता की ओर से 26 सचिवों को ईधर से उधर किया गया है। जिसमें कनीना नगरपालिका में भी सचिव को नियुक्त किया गया है। नपा चुनाव की घोषणा होते ही सचिव के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं। जिसे चुनाव के लिए उचित माना गया है। नगरपालिका कार्यालय बावल में कार्यरत सचिव कपिल कुमार को कनीना लगाया गया है जिन्होंने बृहस्पतिवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। बता दें कि कनीना में नपा चुनाव के लिए वार्डबंदी, आरक्षण प्रक्रिया सहित मतदाता सूचि अपडेट करने जैसे कार्य समय पर पूरे कर लिए गए थे। राज्य चुनाव आयोग की ओर से 2 मार्च को चुनाव की तिथि घोषित की गई है। जिसके लिए 11 फरवरी से नामांकन पत्र दाखिल किए जाएगें। इस मौके पर लेखाकार मनोज कुमार, एमई दिनेश कुमार, सुरेंद्र जोशी, पुरूषोत्तम शर्मा, केशव सिंह,जेई सहित कार्यालय कर्मचारी उपस्थित थे।

# 8 फरवरी की तैयारी में चलाया जनसंम्पर्क अभियान : साधू राम रूपाणा



**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी मंडी।** सिवानी एसडीएम ऑफिस पर निर्माण मजदूरों की समस्याओं को लेकर 8 फरवरी को प्रदर्शन की तैयारी में खण्ड के विभिन्न गांवों में जनसंम्पर्क अभियान चलाया गया। आईसीटीयू से आजाद सिंह मिरान ने बताया कि भवन निर्माण मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम ऑफिस सिवानी में बड़ी संख्या में निर्माण मजदूर शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि निर्माण मजदूरों में बीजेपी सरकार के खिलाफ बहुत विरोध है, क्योंकि भवन निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में मजदूरों का पंजीकरण है। उनको रि-वेरिफिकेशन के नाम पर बड़ी संख्या में ब्लॉक किया जा रहा है। जोकि गलत हैं ,जब पंजीकरण किया था उस समय बोर्ड के अधिकारीयों ने वेरिफाई किया था और अब कंस्ट्रक्शन वर्कर और पात नोट वेरिफाई दिखाया गया है। जब हमारी फैमिली आईडी है, सभी कुछ वेरिफाई हैं तो बोर्ड क्यों मजदूरों को परेशान किए जा रहा है। जब हरियाणा में बीजेपी सरकार आई उससे पहले निर्माण यूनियन मजदूरों का 90 दिन का कार्य प्रमाण पत्र वेरिफिकेशन करती है।

बीजेपी सरकार ने बोर्ड से यूनियनों को यह कहकर बाहर कर दिया कि बोर्ड में भ्रष्टाचार हो रहा है, बल्कि हुआ ये है कि जब से यूनियन का अधिकार बोर्ड से समाप्त किया हैं उसके बाद बोर्ड में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है इन सभी मांगों को लेकर गांव बड़वा, नलोई, किकराल, गुरेरा व अन्य गांवों में निर्माण मजदूरों की मीटिंग करके प्रदर्शन में शामिल होने के लिए बनाया गया है।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## संक्षिप्त समाचार

### सिंगापुर में नस्लीय सद्भाव पर नया कानून पारित, इससे विदेशी हस्तक्षेप पर लगेगी लगाम



**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर में नस्लीय सद्भाव को मजबूत करने वाला एक नया कानून पारित किया गया है। इस कानून का उद्देश्य देश में नस्लीय सद्भाव को बढ़ावा देना और साथ ही विदेशी हस्तक्षेप पर लगाम लगाना है। यह कानून सिंगापुर की संसद में एकमत से पारित हो गया। सिंगापुर में 300 समूह और व्यापारिक संघों को नस्ल आधारित इकाई घोषित किया गया है और इन्हें विदेश से मिलने वाली आर्थिक मदद का खुलासा करना होगा। यह कानून मंगलवार को पारित किया गया। सिंगापुर के गृह और कानून मंत्री के षणमुगम ने कहा कि सिंगापुर में पहले से ही नस्लीय सद्भाव को खतरे में डालने वाले आचरण से निपटने के कानून हैं, लेकिन नया कानून इन कानूनों को एक जगह पर लाता है। नए कानून में सामुदायिक सुधारात्मक पहल की भी शुरुआत की गई है, जो कम गंभीर नस्लीय अपराधों में आरोपियों को अभियोजन के बदले एक मौका देता है। हालांकि इससे सिंगापुर में मुक्त भाषण पर थोड़ी लगाम लगेगी। षणमुगम ने कहा, हमने हमेशा सिंगापुर में नस्लीय सद्भाव को अहम आधार माना है, और इसलिए इस विधेयक को उसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। षणमुगम ने कहा कि नस्ल संबंधों के बारे में अस्वीकार्य आचरण का दायरा मूल रूप से वही है, क्योंकि नए कानून के तहत अपराध वही हैं जो दंड संहिता में पहले से ही मौजूद हैं।

### 20 हजार से ज्यादा अमेरिकी सरकारी कर्मचारी नौकरी छोड़ने को तैयार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में 20 हजार से ज्यादा सरकारी कर्मचारी सरकार के प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत नौकरी छोड़ने के लिए तैयार हो गए हैं। प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत व्हाइट हाउस ने पिछले हफ्ते 20 लाख सरकारी कर्मचारियों को काम छोड़ने और 30 सितंबर तक वेतन और लाभ प्राप्त करने का अवसर दिया था। नौकरी छोड़ने के लिए घोषणा करने की अंतिम तारीख 6 फरवरी है। सूत्रों ने बताया कि 20 हजार से ज्यादा कर्मचारियों ने सरकार को पद छोड़ने के बारे में सूचित कर दिया है। बता दें कि ट्रंप प्रशासन अमेरिकी सरकार के आकार में कटौती करना चाहता है। हालांकि, कुछ डेमोक्रेटिक सांसदों का कहना है कि यह प्रस्ताव कानूनी नहीं है।

### उत्तरी जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी, जन-जीवन चौपट

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के उत्तरी मुख्य द्वीप होक्काइदो पर रिकॉर्ड बर्फबारी हुई है। बर्फबारी के चलते यातायात बाधित हो गया, स्कूल व हवाईअड्डा बंद करना पड़ा और ट्रेन सेवाएं भी रोकनी पड़ीं। होक्काइदो प्रीफेक्चुरल सरकार ने कहा, विशेष रूप से ओबिहिरो और कुशिरो सहित द्वीप के पूर्वी क्षेत्रों में रिकॉर्ड बर्फबारी देखी गई है। दक्षिणी होक्काइदो के साप्पोरो में लोकप्रिय हिम उत्सव शुरू होते ही कई व्यवधानों का सामना करना पड़ा। ओबिहिरो में 129 सेंमी की रिकॉर्ड तोड़ बर्फबारी दर्ज की गई है। अगले 24 घंटों में बुधवार शाम तक उत्तर-पश्चिमी जापान में 100 सेंमी तक बर्फबारी की भविष्यवाणी की गई है।

### दक्षिण अफ्रीका न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम की सुरक्षा बढ़ाई गई

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में आठ फरवरी से शुरू होने जा रही त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीमों की सुरक्षा को पुख्ता करने के तहत बुधवार से लाहौर में सेना के जवान और रेंजर्स तैनात रहेंगे। जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी ने इसी दिन विरोध मार्च निकालने की योजना बनाई है। गृह मंत्रालय ने लाहौर में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीकाई क्रिकेट टीमों की सुरक्षा के लिए सेना और रेंजर्स की तैनाती को अनुमति दी है।

### हसीना की पार्टी के दो नेता पर्चे बांटने पर किए गिरफ्तार

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार द्वारा पूर्व पीएम शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के अभियान के खिलाफ चेताने के बाद पर्चे बांटने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। ये गिरफ्तारियां मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीक आलम के उस बयान के कुछ घंटों बाद हुई, जिसमें उन्होंने कहा था कि लीग के समर्थन में पर्चे बांटने वाले किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाएगा।

### कतर लेबनानी सेना को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध : प्रधानमंत्री

**दोहा, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में 15 महीने के हिंसक संघर्ष के बाद फिलहाल तनावपूर्ण शांति व्याप्त है। ताजा घटनाक्रम में कतर के प्रधानमंत्री ने कहा है कि वे लेबनानी सेना का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बेरूत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी ने कहा कि हम सरकार बनाने के बाद दोनों देशों के बीच संयुक्त परियोजनाओं पर काम करने के लिए तत्पर हैं। कतर लेबनान और उसके लोगों के साथ खड़ा है।

### दक्षिण अफ्रीका में एंग्लिकन चर्च ने स्वीकार की विफलता, यौन शोषण के आरोपों पर कार्रवाई का मामला

केप टाउन, एजेंसी। दक्षिण अफ्रीका में एंग्लिकन चर्च ने स्वीकार किया है कि वह यौन शोषण के आरोपों के खिलाफ कार्रवाई करने में नाकाम रहा है। बता दें कि पूर्व सदस्य जॉन स्मिथ के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगे हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका भागने से पहले 1970 और 1980 के दशक में ब्रिटेन और जिम्बाब्वे में बच्चों के साथ दुर्व्यवहार किया था। 2018 में उनकी मृत्यु हो गई थी।

# भारतवंशी तुलसी गबार्ड राष्ट्रीय खुफिया निदेशक होंगी; डग कोलिन्स वयोवृद्ध मामलों के सचिव

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी संसद सदस्य रह चुकीं भारतवंशी तुलसी गबार्ड अब नेशनल इंटेलिजेंस निदेशक (डीएनआई) का पद संभालेंगी। सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी में मतदान के बाद उनकी नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। द हिल की रिपोर्ट के अनुसार, गबार्ड की नियुक्ति के लिए पूर्ण सीनेट में मतदान होना बाकी है। सीनेट कमेटी में करीबी मुकाबले के दौरान तुलसी को 9-8 से जीत मिली। वोट डेमोक्रेट और रिपब्लिकन पार्टी लाइनों के अनुसार डाले गए।

**इन दोनों सीनेटरों के वोट निर्णायक रहे :** रिपब्लिकन नेता और सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी के अध्यक्ष टॉम कॉटन ने बताया कि समिति ने नेशनल इंटेलिजेंस के निदेशक बनने के लिए वोट किया। उनके नाम की पुष्टि के बाद अमेरिका को सुरक्षित रखने के लिए हम उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। इंडियाना से निर्वाचित सीनेटर टॉड यंग ने एलान किया था कि वह गबार्ड का समर्थन करेंगे। इसे बेहद अहम स्विंग वोट माना गया। इनके अलावा सीनेटर सुसान कोलिन्स ने भी गबार्ड का समर्थन किया। इन दोनों सीनेटरों के वोट निर्णायक माने जा रहे थे।

**अमेरिकी सेना को भी सेवाएं दे चुकी हैं तुलसी :** बता दें कि गबार्ड एक पूर्व आर्मी रिजर्व लेफ्टिनेंट कर्नल रही हैं। डेमोक्रेटिक खेमे से अमेरिकी कांग्रेस सदस्या रह चुकीं गबार्ड ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में बतौर उम्मीदवार भी अपनी किस्मत आजमाई थी। पिछले साल ही ट्रंप का दामन थामने वाली तुलसी गबार्ड ने कई मौकों पर कहा है कि हजारों खुफिया कर्मी डीप स्टेट सदस्य हैं। अब इनकी जिम्मेदारी तुलसी के पास ही होगी।



**नियुक्ति को औपचारिक तौर पर मंजूरी मिलने का इंतजार :** बता दें कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 43 वर्षीय तुलसी गबार्ड को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) के पद के लिए नामित किया था। सीनेट के समक्ष पेशी और कठिन सवाल-जवाब के बाद सीनेट में मतदान होता है। इसके बाद तुलसी की नियुक्ति को औपचारिक तौर पर मंजूरी मिलेगी।

**2024 में तुलसी ने ट्रंप को औपचारिक समर्थन देने का एलान किया :** यह भी दिलचस्प है कि भारतवंशी गबार्ड चार बार कांग्रेस की सदस्य रह चुकी हैं। उन्होंने मध्य पूर्व और अफ्रीका के युद्ध क्षेत्रों में भी अपनी सेवाएं दी हैं। वह हाल ही में डेमोक्रेट से रिपब्लिकन सदस्य बनी हैं। अक्तूबर 2022 में उन्होंने डेमोक्रेट खेमा छोड़कर निर्दलीय प्रत्याशी बनने की घोषणा की थी। राष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले अगस्त, 2024 में तुलसी ने ट्रंप को औपचारिक समर्थन देने का एलान किया था।

**ट्रंप मंत्रिमंडल के गठन के बाद वायोवृद्ध मामलों के सचिव बने डग कोलिन्स :** अमेरिकी सीनेट ने मंगलवार को डग कोलिन्स को वयोवृद्ध मामलों के सचिव के रूप में नियुक्त किया। कोलिन्स, जो इराक युद्ध के वयोवृद्ध और पूर्व कांग्रेसी हैं, अब उस विभाग के प्रमुख होंगे जो अमेरिका के वयोवृद्धों को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करता है। उन्हें 77-23 मतों से पुष्टि मिली और वे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मंत्रिमंडल के एक नए सदस्य बने।

**राष्ट्रपति ट्रंप ने की सराहना :** राष्ट्रपति ट्रंप ने कोलिन्स के नामांकन की घोषणा करते हुए कहा कि कोलिन्स वयोवृद्धों और अमेरिका के लिए एक महान वकील साबित होंगे। वयोवृद्ध मामलों का विभाग 350 बिलियन डॉलर के बजट का प्रबंधन करता है और अमेरिका भर के लगभग 200 चिकित्सा केंद्रों और अस्पतालों की देखरेख करता है।

**वायोवृद्धों की गुणवत्ता बढ़ाने का वादा- कोलिन्स :** कोलिन्स ने कहा कि वह विभाग में विनियमनों में सुधार करेंगे और वयोवृद्धों की देखभाल की गुणवत्ता बढ़ाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह इराक युद्ध का अनुभव रखने वाले सैनिकों की नई स्वास्थ्य चुनौतियों को समझते हैं, क्योंकि वे स्वयं भी इराक युद्ध में शामिल थे। बता दें कि कोलिन्स ने 2013 से 2021 तक प्रतिनिधि सभा में काम किया और ट्रंप प्रशासन के करीबी सहयोगी रहे। उन्हें सीनेट के लिए 2020 में असफल रूप से चुना गया था। सीनेटर केविन क्रैमर ने कोलिन्स की सहानुभूति और आकर्षक व्यक्तित्व की तारीफ करते हुए कहा कि वह वयोवृद्धों के साथ अच्छी तरह से काम करेंगे।

## ट्रंप के गाजा पर नियंत्रण की बात के विरोध में सऊदी अरब, कहा- हम स्वतंत्र फलस्तीनी राज्य के रुख पर अटल

**दुबई, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा पर नियंत्रण करने के सुझाव के बाद अरब देशों से प्रतिक्रिया आने लगी है। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि स्वतंत्र फलस्तीनी राज्य के लिए उसका रुख नहीं बदलेगा। हम अपने फैसले पर दृढ़ और अटल रहेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा था गाजा का मालिकाना हक अमेरिका ले और गाजा का पुनर्निर्माण करे। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने कहा कि सऊदी अरब पूर्वी येरूशलम को राजधानी बनाकर स्वतंत्र फलस्तीनी राज्य की स्थापना की दिशा में चल रहे कामों को नहीं रोकेगा। साथ ही अपना काम पूरा किए बिना इस्राइल के साथ राजनयिक संबंध स्थापित नहीं किए जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम पहले ही फलस्तीनियों के अधिकारों के उल्लंघन को लेकर आवाज उठाते रहे हैं। चाहे वह इस्राइल की ओर से किए गए हमले रहे हों, फलस्तीनियों की जमीन पर कब्जे के मामले रहे हों या उनको विस्थापित करने की बात रही हो, हम हमेशा इसके खिलाफ खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आज फलस्तीनियों की गंभीर मानवीय पीड़ा को कम करने के लिए काम करना चाहिए। फलस्तीनी अपनी जमीन के लिए प्रतिबद्ध हैं और इससे पीछे नहीं हटेंगे। हमारा अलग फलस्तीनी राज्य को लेकर रुख किसी बातचीत के अधीन नहीं है। हालांकि सऊदी अरब सुरक्षा समझौते और अन्य शर्तों के बदले इस्राइल को राजनयिक मान्यता देने को लेकर अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फलस्तीनियों को गाजा के बाहर पुर्नवासित करने के प्रस्ताव को हमास ने खारिज कर दिया है। हमास ने कहा कि गाजा में नरसंहार और विस्थापन के अपराध के लिए इस्राइल जिम्मेदार है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप उसे दंडित करने के बजाय पुरस्कृत कर रहे हैं। हम ट्रंप के उन बयानों को खारिज करते हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि गाजा पट्टी के निवासियों के पास छोड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। ह



## कांगो संकट पर शिखर सम्मलेन, तंजानिया में जुटेंगे अफ्रीकी देशों के नेता

**नैरोबी, एजेंसी।** दक्षिणी और पूर्वी अफ्रीकी देशों के नेताओं ने कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) के हालात पर चर्चा के लिए दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में शामिल होने का फैसला किया है। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने सोमवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, रुटो ने कहा कि पूर्वी डीआरसी में संघर्ष पर चर्चा के लिए दक्षिणी अफ्रीकी विकास समुदाय (एसएडीसी) और पूर्वी अफ्रीकी समुदाय (ईएसी) का संयुक्त शिखर सम्मेलन शुक्रवार और शनिवार को तंजानिया के दार एस सलाम में आयोजित किया जाएगा। केन्या की राजधानी नैरोबी में जारी एक बयान में रुटो ने कहा, राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन (तंजानिया) ने पूर्वी डीआरसी की स्थिति पर विचार-विमर्श करने के लिए शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने पर सहमति व्यक्त की है। रूटो के अनुसार, डीआरसी के राष्ट्रपति फेलिक्स त्सेसीकेडी और रवांडा के राष्ट्रपति पॉल कागमे ने शिखर सम्मेलन में भाग लेने की पुष्टि की है। इससे पहले शुक्रवार को मंत्रिस्तरीय बैठक होगी। शनिवार को राष्ट्राध्यक्षों की बैठक होगी। जिन अन्य नेताओं ने भागीदारी की पुष्टि की है।

# दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में बीएपीएस हिंदू मंदिर और सांस्कृतिक परिसर का उद्घाटन

**जोहान्सबर्ग , एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर और सांस्कृतिक परिसर का उद्घाटन भव्य और ऐतिहासिक समारोह के साथ हुआ। यह दक्षिण अफ्रीका के हिंदू समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण साबित हुआ। इस उद्घाटन समारोह की शुरुआत 1 फरवरी (शनिवार) को एक भव्य नागर यात्रा (शोभायात्रा) से हुई, जिसमें सड़कों पर भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ पवित्र मूर्तियों की झांकी निकाली। इस यात्रा में भक्तों ने भजन-कीर्तन, नृत्य, और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ उत्सव मनाया। शोभायात्रा का माहौल भक्ति, एकता और आनंद से भरपूर था।

इसके बाद, 2 फरवरी (रविवार) को पवित्र मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह संपन्न हुआ। इसके साथ ही यह मंदिर आधिकारिक रूप से आध्यात्मिकता और दिव्यता का केंद्र बन गया। यह मंदिर केवल एक भौतिक संरचना नहीं, बल्कि बीएपीएस परंपरा के वर्षों की भक्ति, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। बीएपीएस की दक्षिण अफ्रीका में आध्यात्मिक यात्रा का आरंभ 20 मार्च 1960 को हुआ था, जब परम पूज्य योगीजी महाराज ने लिंपोपो नदी के तट पर खड़े होकर इस भूमि को आशीर्वाद दिया था। इस यात्रा में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में सामाजिक समानता, आर्थिक स्थिरता और आध्यात्मिक उत्थान की भविष्यवाणी की थी। उनके बाद प्रमुख स्वामी महाराज ने 1974 से 2004 के बीच सात बार दक्षिण अफ्रीका की यात्रा की और भक्तों को प्रेरित किया। आज, महंत स्वामी महाराज के नेतृत्व में इस दिव्य संकल्प को साकार रूप में देखा जा रहा है। जोहान्सबर्ग का यह मंदिर बीएपीएस के 35 मंदिरों में से एक है, जो पूरे अफ्रीका में फैले हुए हैं। बीएपीएस ने विश्व भर में 1,300 से अधिक मंदिरों की स्थापना की है, जो आध्यात्मिकता, संस्कृति और सेवा के प्रमुख केंद्र बने हुए हैं।



यह मंदिर सिर्फ एक भव्य निर्माण नहीं, बल्कि भक्ति, त्याग और एकता का प्रतीक है। मंदिर के निर्माण में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने अपना समय, श्रम और संसाधन अर्पित किए हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान, बीएपीएस के एक वरिष्ठ संत ने कहा कि यह मंदिर हमारे गुरुजनों की दिव्य दृष्टि और भक्तों के निस्वार्थ समर्पण का परिणाम है। यह आध्यात्मिक उत्थान, सांस्कृतिक संरक्षण और समाज सेवा का केंद्र बनेगा। बीएपीएस द्वारा निर्मित कई मंदिर आज दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। दिल्ली का अक्षरधाम मंदिर, अबू धाबी का बीएपीएस हिंदू मंदिर, लंदन का बीएपीएस मंदिर और न्यू जर्सी का अक्षरधाम मंदिर केवल स्थापत्य के अद्भुत उदाहरण नहीं, बल्कि जीवन को शांति और आनंद से भरने के महत्वपूर्ण केंद्र हैं।

# स्वीडन के स्कूल में अंधाधुंध फायरिंग, 10 की मौत; शूटर भी मारा गया

**स्टॉकहोम, एजेंसी।** स्वीडन के ओरेब्रू शहर में मंगलवार को एक स्कूल पर गोलीबारी की घटना में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। इस गोलीबारी में हमलावर भी ढेर हो गया है। पुलिस का कहना है कि इस हमले को एक अकेले शूटर ने अंजाम दिया, लेकिन इस हमले का मकसद अब तक साफ नहीं हो सका है। यह घटना राजधानी स्टॉकहोम से लगभग 200 किलोमीटर पश्चिम में स्थित ओरेब्रू के कैंपस रिसबर्गस्का में हुई, जहां वयस्कों को शिक्षा दी जाती है। यह संस्थान उन लोगों के लिए है जो समय पर अपनी स्कूली शिक्षा पूरी नहीं कर सके। हालांकि, इस स्कूल के नजदीक बच्चों का एक स्कूल भी मौजूद है।

**घटना के बाद पूरे देश में सदमा :** स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन ने इस घटना को देश की अब तक की सबसे भीषण सामूहिक गोलीबारी करार दिया। उन्होंने कहा, आज हमने निर्दोष लोगों के खिलाफ खौफनाक और जानलेवा हिंसा देखी। इस हमले ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। पुलिस प्रमुख रॉबर्टो ईड फॉरेस्ट के मुताबिक, अपराध स्थल पर नुकसान इतना ज्यादा हुआ कि मरने वालों की सटीक संख्या तुरंत नहीं बताई जा सकी। उन्होंने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने यह भी साफ किया कि अभी तक इस हमले का आतंकवाद से कोई संबंध सामने नहीं आया है। लेकिन संदिग्ध हमलावर के मकसद को लेकर कोई जानकारी नहीं मिली है। इस हमले से पूरे यूरोप में सदमा फैल गया। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन ने इस घटना पर गहरा दुख जताते हुए कहा, ऐसी हिंसा और आतंक हमारे समाज में कोई जगह नहीं रखते, खासतौर पर स्कूलों में। स्वीडिश न्याय मंत्री गुनार स्ट्रोमर ने इस हमले को समाज को झकझोर देने वाली घटना बताया। उन्होंने कहा, स्वीडन ने हमेशा सोचा था कि हमारे देश में इस तरह की घटना नहीं होगी, लेकिन आज हमें भी इस खौफनाक हकीकत का सामना करना पड़ रहा है। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन ने भी स्वीडन के लोगों के साथ संवेदना जताई और इस घटना को बेहद दुखद करार दिया। हमले के दौरान स्कूल में मौजूद शिक्षिका लीना वारनमार्क ने बताया कि उन्होंने करीब 10 गोलियां चलने की आवाज सुनी। वहीं, 28 साल के छात्र एंड्रियास सुंडलिंग ने बताया कि हमले के वक्त उन्होंने खुद को एक कक्षा के अंदर बंद कर लिया। उन्होंने कहा, हमने तीन जोरदार धमाके सुने और उसके बाद चीख-पुकार मच गई। पुलिस का कहना है कि हमलावर पहले से किसी अपराध में वॉन्टेड नहीं था। हमले के तुरंत बाद पुलिस ने संदिग्ध के घर पर छापा भी मारा, लेकिन वहां से क्या मिला, इसकी जानकारी साझा नहीं की गई।



## गाजा पट्टी पर कब्जे करेगा अमेरिका; नेतन्याहू से मुलाकात के बाद डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा ऐलान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक चौंकाने वाला बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि अमेरिका युद्ध से तबाह हुए फिलिस्तीनी क्षेत्र गाजा पट्टी पर कब्जा करेगा। अमेरिका तब तक वहां बना रहेगा जब तक फिलिस्तीनी अन्य जगहों पर पुनर्वासित नहीं हो जाते। इसके साथ ही ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका गाजा का विकास करेगा और इसे अपने अधिकार में लेगा। ट्रंप ने यह बयान इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में दिया है।

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने ट्रंप के इस विचार को इतिहास बदलने वाला बताते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति गाजा के लिए एक अलग भविष्य की कल्पना कर रहे हैं। यह घोषणा दुनिया भर में हलचल मचा सकती है और मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक स्थितियों को प्रभावित कर सकती है।

इजरायल और फिलिस्तीनी आतंकी समूह हमास के बीच अक्टूबर 2023 से जारी संघर्ष के कारण गाजा पट्टी पूरी तरह से तबाह हो चुकी है। हाल ही में युद्धविराम हुआ है, लेकिन इजरायली बमबारी ने क्षेत्र के लगभग सभी ढांचे को नष्ट कर दिया है, जिससे लाखों लोग बेघर हो गए हैं। ट्रंप ने कहा, हम इसे अपने अधिकार में लेंगे और यहां पड़ी हुई खतरनाक विस्फोटक बमों और अन्य हथियारों को नष्ट करने की जिम्मेदारी लेंगे। उन्होंने आगे कहा, हम नष्ट हुई इमारतों को समतल करेंगे और एक ऐसी आर्थिक विकास योजना तैयार करेंगे, जिससे क्षेत्र के लोगों के लिए असीमित नौकरियां और आवास उपलब्ध होंगे। जब ट्रंप से यह पूछा गया कि क्या वह क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सैनिकों की तैनाती करेंगे, तो उन्होंने कहा, अगर जरूरत पड़ी तो हम ऐसा करेंगे। हम इस क्षेत्र को संभालेंगे। इसका विकास करेंगे। हजारों नौकरियां पैदा करेंगे और यह पूरी मध्य पूर्व के लिए गर्व की बात होगी। ट्रंप ने यह भी कहा कि वह गाजा, इजरायल और सऊदी अरब की यात्रा पर जाएंगे, लेकिन यात्रा की तारीखों का खुलासा नहीं किया। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने ट्रंप के विचार को नई सोच करार देते हुए कहा कि वह पारंपरिक सोच को चुनौती दे रहे हैं। हालांकि, ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह किस अधिकार से गाजा पर कब्जा करेंगे और इसे लंबे समय तक अपने नियंत्रण में रखेंगे।



# ट्रंप की धमकी बीच ग्रीनलैंड संसद ने पारित किया विधेयक, राजनीतिक दलों के विदेशी चंदा लेने पर लगी रोक

**नुउक, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से की जा रही ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात को लेकर देश में हलचल है। ग्रीनलैंड की संसद ने विदेशी चंदे पर रोक लगाने वाले विधेयक को पारित किया। इसके तहत कोई भी राजनीतिक दल विदेश से चंदा नहीं प्राप्त कर सकेगा। संसद में पारित विधेयक का उद्देश्य देश की राजनीतिक अखंडता की रक्षा करना है। साथ ही यह तत्काल प्रभाव से लागू होगा। संसदीय दस्तावेज में कहा गया है कि विधेयक को ग्रीनलैंड की मौजूदा राजनीतिक स्थिति के मद्देनजर लाया गया है। ग्रीनलैंड संसद की वरिष्ठ कानूनी अधिकारी केंट फ्रिडबर्ग ने बताया कि अभी यह जानकारी नहीं है कि किसी राजनीतिक दल को विदेश से चंदा मिला भी है या नहीं। हालांकि कुछ रूसी राजनेताओं ने चंदा देने की इच्छा जताई थी। नए विधेयक के मुताबिक एक पक्ष से कुल 200,000 डेनिश क्रोनर (लगभग 27,700 डॉलर) से अधिक या एकल योगदानकर्ता से 20,000 क्रोनर (लगभग 2,770 डॉलर) से अधिक चंदा प्राप्त करने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**डोनाल्ड ट्रंप जूनियर का ग्रीनलैंड दौरा :** बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि वह ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए टैरिफ या सैन्य बल का इस्तेमाल कर सकते हैं और ये बात ज्यादा प्रकाश में तब आ गई जब ट्रंप के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ग्रीनलैंड पहुंचे और वहां के लोगों से मिले। साथ ही उन्होंने वहां मेक अमेरिका ग्रेट अगेन लिखी हुई कैप्स भी बांटीं और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। इस बात पर ग्रीनलैंड के लोगों ने नाराजगी जताते हुए इसे रिश्वत देने जैसा बताया।

**ग्रीनलैंड पर कब्जा, ट्रंप का पुराना सपना :** देखा जाए तो ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा बनाना डोनाल्ड ट्रंप का आज का सपना नहीं है। ये बात 2019 से चली आ रही है जब उन्होंने इसे एक रियल स्टेट सौदा बताया था। गौरतलब है कि ग्रीनलैंड अभी डेनमार्क के तहत एक स्वतंत्र राज्य है और इसकी रणनीतिक स्थिति के कारण इसे लेकर अंतरराष्ट्रीय ध्यान है। बता दें कि 1945 में अमेरिका ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान ग्रीनलैंड पर कब्जा कर लिया था लेकिन बाद में इसे डेनमार्क को वापस कर दिया। हालांकि आज भी ग्रीनलैंड के उत्तर-पश्चिम में एक अमेरिकी सैन्य अड्डा स्थित है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चुनाव के पहले से ही ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की इच्छा जता रहे हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया खाते पर भी लिखा था- ग्रीनलैंड एक अद्भुत जगह है। यदि यह हमारे देश का हिस्सा बनता है, तो यहां के लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। हमें इसे सुरक्षित रखेंगे और दुनिया से बचाएंगे। अमेरिकी संसद के निचले सदन- हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में रिपब्लिकन सांसदों ने मेक ग्रीनलैंड ग्रेट अगेन विधेयक पेश कर दिया है। वहीं ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री म्यूटे बुरुप एगेडे ने कहा था कि ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा बनने में कोई रुचि नहीं है और यह द्वीप बिकाऊ नहीं है। ग्रीनलैंड दुनिया का सबसे बड़ा द्वीप है। यह अटलांटिक और आर्कटिक महासागरों के बीच स्थित है और इसका 80 फीसदी हिस्सा बर्फ से ढका हुआ है।



# भारतीय स्टार्टअप्स ने ओपन एआई से की मूल्य निर्धारण लागू करने की मांग

### - भारतीय भाषाओं में सपोर्ट को बढ़ाने का वादा किया




**नई दिल्ली ।**

भारतीय स्टार्टअप्स के शीर्ष फाउंडर्स ने बुधवार को ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन से मुलाकात की और ओपनी एआई के मॉडल्स को डेवलपर्स के लिए किफायती बनाने और भारत-केंद्रित मूल्य निर्धारण लागू करने की मांग की। ऑल्टमैन ने भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तेजी से बढ़ते प्रभाव की सराहना करते हुए इसे नई तकनीकी इनोवेशन के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बताया। आलोक बाजपेई, विजय शेखर शर्मा, कुनाल बहल, राघव वर्मा, गौरव मुंजाल, आकृत वैष जैसे प्रमुख भारतीय स्टार्टअप लीडर्स ने सम्मेलन में भाग लिया और मूल्य निर्धारण की मांग की। इन बैठकों में भारत के उपयोगकर्ताओं की जरूरतों पर चर्चा की गई और ओपन एआई की एपीएलएस के इस्तेमाल की समस्याओं पर विचार किया गया। ओपन एआई ने माना कि उनकी प्राइसिंग को भारत के हिसाब से समायोजित करने की जरूरत है और उन्होंने भारतीय भाषाओं में सपोर्ट को बढ़ाने का वादा किया। इस दौरान, स्टार्टअप फाउंडर्स और डेवलपर्स ने ओपनी एआई की टेक्नोलॉजी के उपयोग और इससे जुड़ी चुनौतियों पर भी चर्चा की। इस महत्वपूर्ण मीटिंग में उठी मुद्दों को लेकर जोरदार चर्चा हुई और मूल्य निर्धारण की मांग को लेकर सभी सहमति जताई गई। स्टार्टअप उद्यमियों की शक्तिशाली दबाव ने ओपन एआई को भारत में अपने मॉडल्स की प्राइसिंग को सही निर्धारित करने के लिए मजबूर किया।

## फोर्ड की भारत वापसी पर सवालिया निशान




**नई दिल्ली ।**

अमेरिका की बड़ी ऑटो कंपनी फोर्ड की भारत वापसी पर सवालिया निशान लग गया है। फोर्ड ने जनवरी तक भारत में अपनी नई रणनीति का पूरा ब्यौरा बताने का वादा किया था, लेकिन अब कंपनी इस योजना पर दोबारा विचार कर रही है। एक सूत्र के मुताबिक फोर्ड के बोर्ड ने जनवरी में इस बारे में बात की थी, लेकिन अभी तक कोई घोषणा नहीं की गई है। फोर्ड की भारत वापसी की योजना में देरी के कई कारण हैं। एक कारण यह है कि अमेरिका का राजनीतिक माहौल विदेशी निवेश के लिए अधिक अनुकूल नहीं है और ध्यान ऑटो मैन्यूफैक्चरिंग को वापस अमेरिका लाने पर ज्यादा है। दूसरा कारण है कि फोर्ड को चेन्नई में अपने तीन दशक पुराने प्लांट को फिर से चालू करने के लिए बड़ा निवेश करना होगा। जब फोर्ड के प्रवक्ता से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि वे चेन्नई की निर्माण क्षमताओं का उपयोग वैश्विक बाजारों की सेवा के लिए करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने विवरणों को साझा करने के लिए उचित समय पर जानकारी साझा करने का वादा किया है। फोर्ड की इस निर्णय से कई सवाल उठ रहे हैं और धारात्मक परिणाम से कंपनी के भविष्य पर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या फोर्ड को भारत में फिर से कदम रखना चाहिए? या कंपनी को अमेरिका में ही केंद्रित रहना चाहिए? ये सवाल जल्द ही जवाब ढूंढेंगे।

## देश में खाने-पीने की चीजें महंगी होने से आम जनता ही नहीं सरकार भी परेशान

### - माल ढुलाई की लागत बढ़ने से देशभर में खाद्य महंगाई पर असर पड़ा

**नई दिल्ली ।**

देश में खाने-पीने की चीजों के भाव बढ़ने से आम जनता ही नहीं सरकार और रिजर्व बैंक भी परेशान है। खाद्य महंगाई की वजह से ही खुदरा महंगाई की दर बढ़ जाती है और आरबीआई पिछले करीब ढाई साल से कर्ज भी सस्ता नहीं कर पा रहा है। अब खाद्य महंगाई बढ़ने के कारणों का पता चला है। एक फाइनेंस कंपनी के मासिक बुलेटिन में बताया गया है कि माल ढुलाई की लागत बढ़ने से देशभर में खाद्य महंगाई पर असर पड़ा है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के प्रमुख मार्गों पर ट्रक किराये में जनवरी 2025 में बढ़ोतरी हुई है, जिसका कारण सर्दियों के फलों और सब्जियों का आना है। इनमें से कुछ मार्गों पर तो किराये में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है।

इसमें कहा गया है कि जनवरी-मार्च तिमाही आमतौर पर काफी व्यस्त अवधि होती है, जिसमें रबी की फसल के बाद कृषि गतिविधि में तेजी आती है और कई क्षेत्रों में विनिर्माण गतिविधियों में भी बढ़ोतरी होती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तेजी के चलते पिछले महीने माल वाहक, कार्गो थ्री-व्हीलर के साथ-साथ यात्री बसों, मैक्सी कैब और कृषि ट्रेलरों जैसे वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में बढ़ोतरी हुई है। ट्रक किराये की बात करें तो दिल्ली-मुंबई-दिल्ली मार्ग पर चार प्रतिशत, मुंबई-कोलकाता-मुंबई मार्ग पर 3.7 प्रतिशत और दिल्ली-हैदराबाद-दिल्ली और कोलकाता-गुवाहाटी-कोलकाता मार्ग पर मासिक आधार पर किराये में 3.3 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

मासिक आधार पर देखा जाए तो जनवरी में माल वाहक की बिक्री में 41 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। तिपहिया (माल) और यात्री बसों की बिक्री में 32 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि मैक्सी कैब की बिक्री में 59 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी हुई है। रबी की फसल के मौसम में कृषि ट्रेलर की बिक्री में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि मोटर कार की बिक्री में 54 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और दोपहिया वाहनों की बिक्री में महीने-दर-महीने आधार पर 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई। किराये की दरों में वृद्धि लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

## देशभर कई राज्यों में बढ़ गए पेट्रोल-डीजल के भाव

### देश के महानगरों में पेट्रोल-डीजल के खुदरा भाव नहीं बढ़े



**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल की वजह से देश के घरेलू बाजार में भी पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में बदलाव आया है। सरकारी तेल कंपनियों की ओर से गुरुवार को जारी खुदरा कीमतें कई शहरों में बढ़ गई हैं। हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे देश के महानगरों में गुरुवार को भी पेट्रोल-डीजल के खुदरा रेट नहीं बढ़े हैं। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गाजियाबाद जिले में पेट्रोल 19 पैसे महंगा होकर 94.89 रुपये लीटर बिक रहा है। डीजल भी 22 पैसे चढ़ा और 88.03 रुपये लीटर पहुंच गया है। गौतमबुद्ध नगर में पेट्रोल 2 पैसे चढ़कर 94.87 रुपये और डीजल 3 पैसे बढ़त के साथ 88.01 रुपये लीटर हो गया है। उत्तराखंड के हरिद्वार जिले में पेट्रोल 3 पैसे चढ़कर 92.72 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 3 पैसे महंगा होकर 87.56 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में भी थोड़ी तेजी दिख रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव चढ़कर 74.61 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई का रेट भी तेजी के साथ 71.25 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.76 रुपये और डीजल 92.35 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है।

गाजियाबाद में पेट्रोल 94.89 रुपये और डीजल 87.03 रुपये प्रति लीटर हो गया है। नोएडा में पेट्रोल 94.87 रुपये और डीजल 88.01 रुपये प्रति लीटर और हरिद्वार में पेट्रोल 92.72 रुपये और डीजल 87.56 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका यात्रा के दौरान एलन मस्क से मिलेंगे

### - टेस्ला का भारत में हो सकता है प्रवेश!



**नई दिल्ली ।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने अमेरिका की यात्रा पर जा रहे हैं जहां उन्हें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करने का मौका मिलेगा। साथ ही वे टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क से भी मिल सकते हैं। एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर लोगों में से एक हैं और उनके साथ होने वाली मीटिंग में पीएम मोदी भी शामिल होंगे। इस मीटिंग का प्रस्तावित तारीख 13 फरवरी है। एलन मस्क के ताजा इलेक्ट्रिक कारों के लिए समान अवसरों की वकालत करने के बारे में जाना गया है, जो अमेरिकी सरकार द्वारा खर्चों में कटौती के लिए बनाए गए डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के चीफ के रूप में काम कर रहे हैं। उन्हें देश में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए भी मांग करने की सूचना मिली है। हालांकि, अभी तक पीएम मोदी और एलन मस्क के बीच मुलाकात की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। पिछले साल मस्क ने अपनी भारत यात्रा को टाल दिया था, लेकिन अब उनकी भारतीय कंपनियों में विस्तार की कीमत चुकाने के बारे में विचार किया जा रहा है। पीएम मोदी 11-12 फरवरी को पेरिस में एआई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद अमेरिका जाएंगे, जहां उन्हें मीटिंग के दौरान इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने का मौका मिलेगा।

## जनवरी में भारतीय सर्विस सेक्टर में तेजी, नौकरियों में भी बढ़ोतरी

नई दिल्ली ।

भारतीय सेवा सेक्टर ने जनवरी माह में एक तेजी का उछाल दर्शाया है, जिससे नौकरियों में भी बढ़ोतरी हुई है। यह जानकारी एचएसबीसी इंडिया पीएमआई सर्वे द्वारा जारी की गई है। सर्वे के अनुसार, अच्छी मांग, नए व्यापार और तकनीकी निवेश के कारण सर्विस सेक्टर में वृद्धि दर्शाई गई है। हालांकि, कुछ कंपनियों के ग्राहकों की संख्या में कमी के कारण गतिविधियां सीमित रही हैं। इस सर्वे में एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स जनवरी में 56.5 रहा है, जो कि दिसंबर के 59.3 से कम है। हालांकि, यह 50 के ऊपर होने का संकेत देता है। इस सर्वे में जनवरी 2025 में नौकरियों में वृद्धि की दर दिसंबर 2024 से अधिक है, जो कि 2005 में डेटा संग्रह की शुरुआत से वृद्धि की सबसे तेज दिखायी गई है। सर्वे के मुताबिक नए कारोबार में सुधार और क्षमता विस्तार के कारण कुछ कंपनियां आर्थिक वर्ष की शुरुआत में नौकरियों में भर्तियां कर रही हैं। महंगाई दरें लंबी अवधि के औसत से ऊपर हैं और दिसंबर के तेज बढ़ोतरी के बाद जनवरी में इन दरों में और वृद्धि देखने को मिल रही है।



## सोने की मांग बढ़ी, 2024 में बढ़कर 802.8 टन पहुंची, 2025 में घटेगी

**नई दिल्ली ।** भारत में आयात शुल्क में कटौती और शादी-विवाह व त्योहारों से जुड़ी खरीदारी के कारण सोने की मांग में वृद्धि देखने को मिली है। विश्व स्वर्ण परिषद की रिपोर्ट के अनुसार भारतीयों ने 2024 में कुल 802.8 टन सोना खरीदा, जो 2023 की तुलना में बढ़कर 31 फीसदी है। ऐसे में सोने की भावना में भी 6,410 रुपये की वृद्धि दर्ज की गई है। दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों में आरबीआई ने तीसरे स्थान पर रहकर सोने की खरीद में अब तक का रिकॉर्ड बनाया है। अनिश्चितताओं और तनाव के माहौल में, 2024 में चौथी तिमाही में 1,000 टन से अधिक सोना खरीदने वाले बैंकों में आरबीआई ने शानदार प्रदर्शन किया है। चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में सोने की मांग में कोई बदलाव नहीं देखने को मिला है। इस दौरान स्वर्ण मांग ने 1,92,080 करोड़ रुपये का पार्चल पारित किया है। हालांकि, स्वर्ण आभूषण की मांग में थोड़ी कमी दर्ज की गई है। सोने की कीमत में एक माह में 6,410 रुपये की वृद्धि दर्ज की गई है। जनवरी में सोने की कीमत 85,800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंची है। इस वृद्धि के मुख्य कारणों में खरीदारी की अधिकता व मांग की वृद्धि का प्रमुख स्थान है।

## अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एफएमसीजी क्षेत्र में ग्रामीण विकास बाजारों में तेजी रही

**नई दिल्ली ।** एफएमसीजी क्षेत्र में ग्रामीण बाजारों में अक्टूबर दिसंबर तिमाही में तेजी की वजह से लगातार चौथी तिमाही में इसने शहरी बाजार को पछाड़ दिया। एक डेटा एनालिटिक्स फर्म की दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुओं के क्षेत्र पर रिपोर्ट के अनुसार लगातार चौथी तिमाही में ग्रामीण क्षेत्रों ने विकास के मामले में बड़े शहरी बाजारों को पीछे छोड़ दिया है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में त्योहारी मांग से एफएमसीजी उद्योग में मोटे तौर पर खपत-आधारित वृद्धि हुई, जिसमें मुद्रास्फीति के दबाव के कारण 3.3 प्रतिशत औसत मूल्य वृद्धि के बावजूद कुल मात्रा में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालांकि, एफएमसीजी उद्योग में भी मात्रा वृद्धि की तुलना में इकाई वृद्धि अधिक है जो उच्च खाद्य मुद्रास्फीति के कारण उपभोग में छोटे पैक की ओर उपभोक्ताओं की प्राथमिकता में बदलाव को दर्शाता है।

## पतंजलि ग्रुप ने किया आईबीएस फिनटेक से समझौता

**नई दिल्ली ।** योग गुरु बाबा रामदेव के नेतृत्व वाले पतंजलि ग्रुप ने कोष प्रबंधन संबंधी नयी तकनीक के लिए ट्रेजरी मैनेजमेंट सॉल्यूशंस में विश्व की प्रतिष्ठित फिनटेक कंपनी आईबीएस फिनटेक के साथ साझेदारी की घोषणा की है। पतंजलि समूह ने कहा कि आईबीएस फिनटेक से उसे मिलने वाला तकनीकी समाधान उसके मौजूदा ईआरपी पारिस्थितिकी तंत्र के साथ सहजता के साथ काम करेगा और उसके नकदी तथा व्यापार-वित्त परिचालन में बड़ा सुधार करेगा।

## एचडीएफसी बैंक की 8 फरवरी को यूपीआई सर्विस कुछ घंटे बंद रहेगी




**मुंबई ।** देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक एचडीएफसी बैंक ने यूपीआई ट्रांजैक्शन को लेकर एक अहम जानकारी साझा की है। एचडीएफसी बैंक ने अपने लाखों ग्राहकों के लिए अलर्ट जारी किया है। बैंक ने कहा है कि सिस्टम मेंटेनेंस की वजह से 8 फरवरी को यूपीआई सर्विस कुछ घंटे के लिए काम नहीं करेगी। बैंक ने कहा कि 8 फरवरी को दोपहर 12ः00 बजे से 3ः00 बजे तक यूपीआई सर्विस काम नहीं करेंगी। इस दौरान बैंक के ग्राहक यूपीआई के जरिए किसी को भी पैसे नहीं भेज पाएंगे। बैंक के मुताबिक इन डाउनटाइम पीरियड के दौरान एचडीएफसी बैंक के करंट और सेविंग अकाउंट के साथ-साथ रुपे क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भी फाइनेंशियल और नॉन-फाइनेंशियल यूपीआई ट्रांजेक्शन उपलब्ध नहीं होंगी।

## देश में जनवरी 2025 में 7 फीसदी बढ़ी मोटर वाहन की खुदरा बिक्री



**नई दिल्ली ।** देश में मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री जनवरी 2025 में सालाना आधार पर 7 फीसदी बढ़कर 22,91,621 इकाई तक पहुंच गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार यह वृद्धि विभिन्न श्रेणियों में मजबूत उपभोक्ता मांग के कारण हुई। जनवरी 2024 में यह आंकड़ा 21,49,117 इकाई था। फाडा ने कहा कि दोपहिधि, तिपहिया, यात्री वाहन, ट्रैक्टर और वाणिज्यिक वाहन सभी श्रेणियों में सकारात्मक रुझान देखने को मिला, जो स्थिर बाजार सुधार और उपभोक्ता विश्वास को दर्शाता है। यात्री वाहन की खुदरा बिक्री 16 फीसदी बढ़कर 4,65,920 इकाई, दोपहिया वाहन 4 फीसदी बढ़कर 15,25,862 इकाई, वाणिज्यिक वाहन 8 फीसदी बढ़कर 99,425 इकाई, ट्रैक्टर 5 फीसदी बढ़कर 93,381 इकाई रही। वहीं तिपहिया वाहन 7 फीसदी बढ़कर 1,07,033 इकाई, शहरी क्षेत्रों में बिक्री में 5 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह आंकड़ा 4 फीसदी रहा। डीलरों का मानना है कि नए मॉडलों की लॉन्चिंग, विवाह सीजन की मांग और बेहतर वित्तीय योजनाओं ने बिक्री को गति दी है। हालांकि, ब्याज दरों में बढ़ोतरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नकदी की कमी अब भी चिंता का विषय बनी हुई है। फाडा ने कहा कि 2025 की मजबूत शुरुआत के बाद फरवरी में उद्योग सतर्क आशावाद के साथ प्रवेश कर रहा है। एक सर्वेक्षण के अनुसार, 46 फीसदी डीलरों को फरवरी में बिक्री बढ़ने की उम्मीद है, 43 फीसदी को स्थिर रहने की संभावना दिखती है, जबकि 11 फीसदी को गिरावट की आशंका है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद




**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। ब्याज दरों पर आरबीआई के फैसले से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। इसके अलावा देसी कंपनियों के दिसंबर तिमाही के परिणम उम्मीद से कमजोर रहने की संभावनाओं से भी बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 213 अंक करीब 0.27 फीसदी नीचे आकर 78,058 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 92.95 अंक तकरीबन 0.39 फीसदी फिसलकर 23,603 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, टाइटन, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स के शेयर नीचे आये। वहीं दूसरी ओर अदाणी पोर्ट्स, इंफोसिस, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा और इंडसइंड बैंक के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये।

अब निवेशकों की नजरें रिजर्व बैंके के ब्याज दरों को लेकर शुक्रवार को आने वाले फैसले पर टिकी हुई हैं। आज कारोबार के दौरान विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी।

इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों में पॉजिटिव संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को हरे निशान में खुले। हालांकि कुछ ही देर में यह लाल रंग में फिसल गए। बीएसई सेंसेक्स 143.41 अंक गिरकर 78,127.87 पर कारोबार कर रहा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी मजबूत शुरुआत के बाद गिरावट में चला गया। सुबह की शुरुआत में यह 42 अंक गिरकर 23,654 पर कारोबार कर रहा था। वहीं अन्य बाजारों की बात करें तो एशिया बाजारों ने मजबूती के साथ शुरुआत की।`` निक्कई इंडेक्स में 0.60 फीसदी की तेजी देखी गई, जबकि एएसएक्स 200 0.87 और कोस्पी 0.33 फीसदी अे धिक कारोबार करता दिखा। अमेरिकी बाजारों में भी तेजी रही। डाओ जोंस में 0.71 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई, जिसमें एने वि डिया के शेयरों में तेजी अहम रही। एसएंडपी 500 में 0.39 फीसदी और नेस्डेक में 0.19 फीसदी की तेजी आई। अब निवेशकों की नजर अमेरिका के बेरोजगारी आंकड़ों और बैंक ऑफ इंग्लैंड के ब्याज दर फैसले पर है।

# मुकेश अंबानी की आरआईएल को कर्ज देने के लिए कतार में खड़े दुनिया के प्रमुख बैंक

### अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान के प्रमुख बैंक शामिल

**मुंबई।**

दुनिया के कई दिग्गज बैंक रिलायंस इंडस्ट्रीज को लोन देने के लिए कतर में खड़े हैं। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी ने 3 अरब डॉलर का कर्ज लेने के लिए दिसंबर में 11 बैंकों के एक कंसोर्टियम के साथ डील साइन की थी। सूत्रों के मुताबिक अब दुनियाभर के करीब 10 और बैंक सिंडिकेट में शामिल होना चाहते हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया से लेकर उत्तरी अमेरिका तक के कई दिग्गज बैंक शामिल हैं। अगले हफ्ते से कर्ज के लिए रोड शो शुरू होगा। कंपनी और मुख्य बैंक यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा बैंक इसमें शामिल हों। कंपनी के एक सूत्र ने बताया कि आरआईएल ने इन बैंकों को पहले ही चुन लिया है। आरआईएल अपने कर्जदाताओं का दायरा बढ़ाना चाहती है। वे मुख्य बैंकों से भविष्य में और ज्यादा कर्ज लेने की गुंजाइश भी रखना चाहती है। मुख्य बैंकों के लिए आरआईएल भारत में सबसे अच्छा क्रेडिट है। नए बैंक हमेशा इसतरह के अच्छे क्रेडिट में शामिल होना चाहते हैं। मुख्य बैंकों को इससे फीस मिलती है और भविष्य में कंपनी को और कर्ज देने का मौका भी मिलता है। बैंक कम मार्जिन पर भी मुकेश अंबानी की कंपनी आरआईएल को कर्ज देने को तैयार हैं क्योंकि यह भारत की सबसे अच्छी रेटिंग वाली कंपनी है।

आरआईएल ने इस बारे में सवाल का जवाब नहीं दिया। रिलायंस रेवेन्यू और मार्केट कैप के हिसाब से भारत की सबसे बड़ी कंपनी है। कंपनी ने 11 बैंकों से तीन अरब डॉलर जुटाए हैं जो दो साल में उसका सबसे बड़ा कर्ज है। यह पांच साल का कर्ज है। इसकी ब्याज दर तीन महीने के एसओएफआर से 120 बेसिस पॉइंट ज्यादा है।

इस कर्ज में 450 मिलियन डॉलर जापानी येन में भी हैं। रिलायंस इस पैसे का इस्तेमाल इस साल मैच्योर होने वाले कर्ज के भुगतान के लिए कर सकती है। 11 बैंकों ने आरआईएल को करीब 3 अरब डॉलर देने का वादा किया था। एक सूत्र ने बताया कि दूसरे दौर में आने वाले नए बैंक अपनी क्षमता के हिसाब से पैसे देने वाले है। हर बैंक की हर कंपनी के लिए एक सीमा होती है।

## भारत एक अहम एआई बाजार, इस क्षेत्र में बन सकता है लीडर- सैम ऑल्टमैन

नई दिल्ली । भारत में तकनीकी उत्थान की दिशा में एक और कदम उठाते हुए, ओपनएआई के सह-संस्थापक और सीईओ सैम ऑल्टमैन ने एक आकर्षण कार्यक्रम में भारत को एआई मॉडल की रेस में लीडर बनने के लिए पुनरावृत्ति की। उन्होंने कहा कि भारत एआई के लिए आगे बढ़ने के लिए तैयार है और देश के लीडर बनने के लिए उत्साहित कर रहा है। ऑल्टमैन ने इस उत्सव के दौरान कहा कि भारत एआई मॉडल की रेस में लीडर होना चाहिए। मॉडल अभी भी सस्ते नहीं हैं और हमें इस क्षेत्र में अभियान करना चाहिए। ओपनएआई के नेतृत्व में एक नया प्रोजेक्ट स्टारगेट शुरू किया जाएगा, जिसका हिस्सा होगी सॉफ्टबैंक, ओरेकल और एमजीएक्स। यह प्रोजेक्ट अमेरिका में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर नियमित करने के लिए 500 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की गई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय युवाओं को इनोवेशन में उत्साहित करने के लिए कहा और यहां तक कहा कि छह महीने के भीतर हम देश में एक सुरक्षित स्वदेशी एआई मॉडल लॉन्च कर सकते हैं। वैष्णव आगे भी उम्मीद जताते हुए कहा कि भारतीय एआई मॉडल आने वाले दिनों में और ज्यादा उन्नति में मदद करेगा।

# विंद्र जडेजा ने रचा इतिहास, जेम्स एंडरसन का रिकॉर्ड तोड़कर दिग्गजों को पछाड़ा

**नागपुर (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच पहले वनडे मैच में टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने एक बड़ा कीर्तिमान रच डाला है। जडेजा इंटरनेशनल क्रिकेट में 600 विकेट पूरे करने वाले पांचवें भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने नागपुर में खेले गए वनडे मैच में कुल 3 विकेट अपने नाम कर ये इतिहास रचा है। इसके अलावा जडेजा ने भारत और इंग्लैंड वनडे मैचों के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने का भी रिकॉर्ड बनाया है। इस मामले में उन्होंने जेम्स एंडरसन के 40 विकेटों के रिकॉर्ड को भी पछाड़ दिया है।

रविंद्र जडेजा से पहले पांच भारतीय गेंदबाजों ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 600 या उससे ज्यादा विकेट लिए थे। इस सूची में पहले स्थान पर अनिल कुंबले हैं, जिनके नाम 935 विकेट हैं। इस लिस्ट में रविचंद्रन अश्विन, हरभजन सिंह और कपिल देव भी शामिल हैं।

अनिल कुंबले-953 विकेट
रविचंद्रन अश्विन- 765 विकेट
हरभजन सिंह-703 विकेट
कपिल देव- 687 विकेट

रविंद्र जडेजा 600 विकेट

वहीं जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ मैच में पहला विकेट जो रूट का लिया। रूट क्रीज पर डट कर बल्लेबाजी कर रहे थे लेकिन 19 रन के स्कोर पर जडेजा ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। इसके बाद उन्होंने जैकब बैथेल का विकेट लेकर भारत की मैच में वापसी करवाई। बैथेल ने 51 रन की सूझबूझ भरी पारी खेली। उन्होंने मैच में आदिल रशीद को क्लीन बोल्ड करते हुए मैच का तीसरा विकेट भी लिया।



# टेनिस में वापसी के लिए सर्जरी करवाने वाली सिमोना हालेप ने अब कहा अलविदा


2008
2014

**बुखारेस्ट (रोमानिया) (एजेंसी)।** 2 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना हालेप ने मंगलवार को अपने गृह देश रोमानिया में एक टूर्नामेंट के पहले दौर में हार के बाद 33 साल की उम्र में टेनिस से संन्यास की घोषणा की। हालेप ने रोमानिया के क्लुज में ट्रांसिल्वेनिया ओपन में लूसिया ब्रॉन्ज़ेटी से 6-1, 6-1 की हार के बाद दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं नहीं जानती कि मैं दुख के साथ या खुशी के साथ यह घोषणा कर रही हूं। मुझे लगता है कि मैं दोनों को महसूस कर रही हूं लेकिन इस फैसले से मुझे शांति मिली है। मैं हमेशा यथार्थवादी रही हूं। उन्होंने कहा कि मेरा शरीर अब पहले जैसा नहीं रहा। भले ही मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा लेकिन मैं आपके सामने खेलकर टेनिस को अलविदा कहना चाहती थी।

हालेप 2018 में अचानक चर्चा में आ गई थी जब उन्होंने घोषणा की थी कि खेल में व्यवधान पड़ने के कारण वह जल्द ही ब्रेस्ट सर्जरी करवाने जा रही है। हालेप ने तब सर्जरी करवाकर अपने सीने के ऊपरी भाग को कम करवा दिया था। लेकिन उसके बाद से उनकी परफार्मेंस से निरंतरता जारती है। हालेप 2017 में पहली बार विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंची थी लेकिन अभी वह 870वें स्थान पर हैं। उन्हें रोमानिया में इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया था। अपने करियर में चोटों से जूझने और डोपिंग के कारण निलंबन झेलने वाली हालेप एक समय महिला टेनिस में शीर्ष पर थीं। उन्होंने 2019 में विंबलडन में फाइनल में सेरेना विलियम्स को और 2018 में फ्रेंच ओपन में स्लोएन स्टीफंस को फाइनल में हराकर ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते थे।

# नाथन लियोन ने रचा इतिहास, एशिया में 150 विकेट लेने वाले पहले गैर-एशियाई गेंदबाज बने



**स्पोर्ट्स डेस्क।** नाथन लियोन ने गुरुवार 6 फरवरी को एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए एशिया में टेस्ट मैचों में 150 विकेट लेने वाले पहले गैर-एशियाई गेंदबाज बन गए हैं। लियोन ने गॉले में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच दूसरे टेस्ट के पहले दिन तीन विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की। लियोन से पहले एशिया में 150 विकेट के सबसे करीब पहुंचने वाले महान खिलाड़ी शेन वॉर्न थे। लेग-स्पिन के इस महान खिलाड़ी ने 25 टेस्ट मैचों में 26 की गेंदबाजी औसत से 127 विकेट लिए। लियोन ने एशिया में अपने 30वें मैच में 30 गेंदों पर औसतन 150 टेस्ट विकेट हासिल किए।

**एशिया में गैर-एशियाई गेंदबाजों द्वारा सर्वाधिक विकेट**

नाथन लियोन - 30 टेस्ट में 150 विकेट
शेन वॉर्न - 25 टेस्ट में 127 विकेट
डैनियल विटोरी - 21 टेस्ट में 98 विकेट
जेम्स एंडरसन - 32 टेस्ट में 92 विकेट

लियोन ने श्रीलंका को उस पिच पर कड़ी मेहनत करवाई जो गॉले में सीरीज के पहले मैच के लिए इस्तेमाल की गई पिच से थोड़ी सूखी थी। श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन पहले दिन स्टंप्स तक उनका स्कोर 90 ओवर में 9 विकेट पर 229 रन था। लियोन ने आठवें ओवर में ही पथुम निसांका को बोल्ड कर दिया। हालांकि श्रीलंका के लिए अपना 100वां और अंतिम टेस्ट खेल रहे दिमुथ करुणारत्ने ने दिनेश चांदीमल के साथ 70 रनों की साझेदारी करके पारी को संभाला, जो पहले दिन श्रीलंका के लिए स्कोरिंग चार्ट में शीर्ष पर रहे। लियोन ने फिर से गेंदबाजी करते हुए 33वें ओवर में साझेदारी को तोड़ा और बाएं हाथ के बल्लेबाज को 36 रन पर आउट करके दिमुथ के विदाई टेस्ट के पहले हिस्से को खराब कर दिया। ऑफ स्पिनर ने श्रीलंका के खिलाफ तीन विकेट लिए साथ ही सीनियर बल्लेबाज एंजेलो मैथ्यूज को 1 रन पर आउट किया। लियोन ने पहले दिन के बाद कहा, 'चीजों के इस तरह से होने से बहुत खुश हूं। मैं उसे (टेस्ट में एशिया में 150 विकेट) याद रखूंगा। उप-महाद्वीप में मेरे पास काफी कठिन समय रहा है। इसलिए 150 रन बनाना खास है।' दिनेश चांदीमल ने 74 रन बनाए लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू ने 51वें ओवर में उनकी पारी का अंत कर दिया। कुहनेमन ने 30 ओवर फेंके, जिसमें नौ मेडन शामिल थे। ट्रेविस हेड ने भी अपना प्रभाव छोड़ा, अपने पहले ओवर में ही उन्होंने कामिंडू मेंडिस का बड़ा विकेट लिया जिनका स्कोर 13 था। मिशेल स्टार्क ने 16 ओवर फेंकते हुए तेज गेंदबाजी का भार बड़ी दृढ़ता के साथ उठाया।

# वरुण चक्रवर्ती और त्रिशा आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ की दौड़ में, इनसे मिल रही टक्कर



**दुबई (एजेंसी)।** रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को हाल में इंग्लैंड के खिलाफ संपन्न पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के पुरस्कार के लिए नामित किया गया।

चक्रवर्ती ने पांच मैच में 9.85 की शानदार औसत और 7.66 की इकोनॉमी रेट से 14 विकेट चटकाए। चक्रवर्ती ने टी20 विश्व चैंपियन भारत को घरेलू श्रृंखला 4-1 से जिताने में अहम योगदान दिया। इंग्लैंड के बल्लेबाज पूरी श्रृंखला के दौरान उनकी स्पिन को समझने के लिए संघर्ष कर रहे थे। वेस्टइंडीज के स्पिनर जोमेल वारिकन को भी पुरुष वर्ग में नामित किया गया है। उन्होंने अपनी टीम को पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच की टेस्ट श्रृंखला ड्रॉ कराने में मदद की थी। बाएं हाथ के स्पिनर वारिकन को पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वह 19 विकेट लेकर श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। पाकिस्तान के नोमान अली भी इस पुरस्कार की दौड़ में हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में 16 विकेट लिए थे। हाल में आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप के दौरान टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहीं भारतीय सलामी बल्लेबाज गोंगाडी त्रिशा को महिला वर्ग में पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। त्रिशा 309 रन के साथ टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी थीं। वह इस प्रतियोगिता में शतक बनाने वाली पहली खिलाड़ी भी बनीं। उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने लगातार दूसरी बार खिताब जीता।

# हर्षित राणा ने बनाया यूनीक रिकॉर्ड, बने ऐसा करने वाले पहले भारतीय

**नागपुर (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ नागपुर वनडे में भारतीय टीम के लिए हर्षित राणा ने डैब्यू किया। हर्षित ने अपने पहले ही मुकाबले में यूनीक रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। हर्षित ऐसे केवल दूसरे भारतीय प्लेयर हैं जिन्होंने टी20 और वनडे डैब्यू में कम से कम तीन विकेट लिए। इससे पहले बरिंदर सरां ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में 3 विकेट लिए थे। हर्षित राणा तीनों प्रारूपों में यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी भी है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट डैब्यू में भी 3 विकेट लिए थे।

हर्षित राणा ने नागपुर वनडे में 53 रन पर तीन विकेट लेने के बाद कहा कि यह मेरा सपना था। मैंने खुद को इसके लिए तैयार किया और कड़ी मेहनत की। मैंने शुरुआत में सही लेंथ पर गेंद नहीं फेंकी लेकिन जैसे ही मैंने उसे सही किया तो मुझे इसका इनाम मिला। वे (बल्लेबाजों) कुछ जगह बनाना चाह रहे थे, यही कारण है कि मैं स्टंप्स पर गेंदबाजी करता रहा। यह थोड़ी दो गति वाली पिच है। उनमें से कुछ अच्छे से आ रहे हैं, कुछ थोड़ा रुक रहे हैं। हमने स्टाइल में वापसी की। यह अच्छा स्कोर है और हम इसका पीछा कर सकते हैं।




# रोहित शर्मा की फ्लॉप फार्म जारी, सिर्फ 2 रन बनाए, फैंस ने किया ट्रोल




नागपुर । नागपुर में इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में भारत के कप्तान रोहित शर्मा की खराब फॉर्म जारी रही। वह पहले वनडे में मात्र 2 रन पर आउट हो गए जिससे टीम का स्कोर 19/2 हो गया। रोहित जो सिर्फ 7 गेंदें ही खेल पाए, साकिब महमूद की गेंद पर फिलक शॉट खेलने में जल्दी कर गए। गेंद उनके बल्ले के किनारे पर लगे जिससे वह ऊपर उछल गई। मिड-ऑन पर लियाम लिविंगस्टोन ने इसे आसानी से लपक लिया। इस आऊट से रोहित की समस्याएं बढ़ गई हैं। वह सभी प्रारूपों में अपनी पिछली 15 पारियों में केवल 164 रन ही बना पाए हैं।

# ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर स्टोइनिस ने संन्यास लिया




मेलबर्न । ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से ठीक पहले स्टोइनिस के इस कदम से ऑस्ट्रेलियाई टीम को करारा झटका लगा है क्योंकि उसके तीन प्रमुख खिलाड़ी चोटिल होने के कारण पहले ही बाहर हो गये हैं। स्टोइनिस ने कहा है कि करियर के अगले दौर पर ध्यान देने के लिए ही वह एकदिवसीय से संन्यास ले रहे हैं। स्टोइनिस को ऑस्ट्रेलिया की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में शामिल किया गया था पर अब उनकी इस घोष्णा से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया सीए की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। ऑस्ट्रेलिया के पास चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी अंतिम टीम की घोषणा करने के लिए 12 फरवरी तक का समय है क्योंकि चैम्पियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में आयोजित की जाएगी। स्टोइनिस ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के लिए एकदिवसीय क्रिकेट खेलना एक अविश्वसनीय यात्रा रही है, और मैं हरे और सुनहरे रंग के मैदान में बिताए हर पल के लिए आभारी हूं। शीर्ष स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना कुछ ऐसा है जिसे मैं हमेशा अपनी यादों में संजो कर रखूंगा। यह एक आसान फैसला नहीं था, लेकिन मेरा मानना ??है कि मेरे लिए एकदिवसीय से दूर रहने और अपने करियर के अगले अध्याय पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने का यह सही समय है। उन्होंने कहा, मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड के साथ मेरे शानदार संबंध हैं और मैं उनके समर्थन की बहुत सराहना करता हूं। मैं आईसीसी टूर्नामेंट अपनी टीम का उत्साहवर्धन करूंगा। वहीं मैकडॉनल्ड ने एकदिवसीय में स्टोइनिस के योगदान प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, पिछले एक दशक से स्टोइनिस हमारे एकदिवसीय प्रारुप का एक अहम हिस्सा रहे हैं।

# लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए तैयार : पीसीबी

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में नवीनीकरण और आधुनिकीकरण का काम 117 दिन के रिकॉर्ड समय में पूरा हो गया है और अब यह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सहित अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी के लिए तैयार है।

पीसीबी ने एक बयान में कहा कि स्टेडियम में अब बेहतर सुविधाएं, नई फ्लडलाइट्स, हॉस्पिटैलिटी बॉक्स, अधिक दर्शकों के बैठने की क्षमता, इलेक्ट्रॉनिक स्कोरबोर्ड और शीर्ष स्तर के एलईडी टावर हैं। पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने कहा, 'मैं उन सभी लोगों का आभारी हूं जिन्होंने आशंकाओं और आलोचनाओं के बावजूद स्टेडियम को समय पर तैयार करने के लिए दिन-रात काम किया।'



हाल ही में यह बताया गया था कि पीसीबी काम पूरा करने में कम से कम पांच सप्ताह पीछे चल रहा है। पीसीबी को 12 फरवरी तक स्टेडियम को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) को सौंपना है क्योंकि टूर्नामेंट एक सप्ताह बाद शुरू होगा। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ शुक्रवार को एक समारोह के दौरान स्टेडियम का आधिकारिक उद्घाटन करेंगे जहां अली जफर, आइमा बेग और आरिफ लोहार जैसे प्रसिद्ध कलाकार प्रस्तुति देंगे। नकवी ने कहा, 'मैं उन लगभग 1000 श्रमिकों का विशेष रूप से आभारी हूं जिन्होंने इस सपने को संभव बनाया है।'

नए स्टेडियम का परीक्षण आठ फरवरी को होगा जब पाकिस्तान और न्यूजीलैंड त्रिकोणीय श्रृंखला का पहला मैच खेलेंगे जिसकी तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका है। पीसीबी 11 फरवरी को कराची में राष्ट्रीय स्टेडियम का उद्घाटन करेगा जिसमें राष्ट्रपति आसिफ जरदारी के शामिल होने की उम्मीद है। नकवी ने स्वीकार किया है कि लाहौर, कराची और रावलपिंडी में तीन स्टेडियमों के आधुनिकीकरण का खर्च शुरुआती आवंटित बजट से अधिक हो गया है लेकिन उन्होंने कहा कि नए अत्याधुनिक स्थल भविष्य में पाकिस्तान क्रिकेट को अच्छी सेवा प्रदान करेंगे। पीसीबी ने शुरू में नवीनीकरण कार्य के लिए 12 अरब 80 लाख रुपये आवंटित किए थे लेकिन बजट 18 अरब रुपये से अधिक बताया जा रहा है। पीसीबी ने कहा कि इस कार्य के लिए सरकार सहित किसी अन्य स्रोत से कोई वित्तीय सहायता नहीं ली गई।

# आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत–पाक मुकाबले के टिकट कुछ ही मिनटों में बिके, तीन लाख तक पहुंची कीमत

दुबई । भारत और पाकिस्तान के बीच यहां 23 फरवरी को होने वाले आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के टिकट कुछ ही मिनटों में बिक गये। इसके ऑनलाइन टिकटों की बिक्री के लिए करीब एक लाख 40 हजार लोग कतार में थे पर कुछ को ही टिकट मिले। इस टूर्नामेंट का आयोजन हाईब्रिड मॉडल के तहत किया जा रहा है जिसका मेजबान तो पाकिस्तान है पर भारतीय टीम के मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे। भारतीय टीम इसमें अपना पहला मैच 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश से खेलेगी। भारतीय टीम अपने अंतिम ग्रुप मैच में 2 मार्च को न्यूजीलैंड का सामना करेगी। दोनो टीमों के बीच होने वाले मुकाबले के लिए टिकटों की भारी मांग थी। सबसे कम कीमत का टिकट 500 एईडी (भारतीय रुपयों में 11 हजार 863) था.जो बाद में बढ़कर 12,500 एईहडी तकरीबन तीन लाख भारतीय रुपयों तक पहुंचा गया। एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी और पीसीबी के पूर्व सीओओ सुभान अहमद ने क्रिकेट पाकिस्तान से बात करते हुए कहा कि यहां इतने सारे भारतीय और पाकिस्तानी रहते हैं कि ये खेल क्रिकेट से कहीं बढ़कर एक उत्सव बन गया है। उन्होंने कहा कि दोनों टीमों के प्रशंसक अपनी टीमों का समर्थन करने और खेल का आनंद लेने के लिए एक साथ आते हैं जिससे काफी अच्छा माहौल बन जाता है।' दुबई में खेले जाने वाले 4 मैचों के टिकट पाकिस्तान में होने वाले कुछ मैचों के टिकटों के साथ ही उपलब्ध करा दिए गए हैं। जब भारत और पाकिस्तान मुकाबले के टिकट की बिक्री शुरू हुई तो मिनटों में ही टिकट सोल्ड आउट हो गए। इसके बाद. एक घंटे के भीतर ही सारे टिकट बिक गए। चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैच भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 2-30 बजे शुरू होंगे। वहीं पाक समय के अनुसार यह दोपहर 2 बजे से होगा। भारतीय टीम ने दो बार चैंपियंस ट्रॉफी जीत चुकी है। अब उसका लक्ष्य एक बार फिर इसपर कब्जा करना रहेगा।

# रिकी पोंटिंग ने माना- इन 3 प्लेयर को किसी भी कीमत पर पंजाब किंग्स में चाहता था

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज रिकी पोंटिंग ने खुलासा किया है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी में श्रेयस अय्यर, अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल को पंजाब किंग्स में शामिल करना चाहते थे क्योंकि मुख्य कोच पहले खिताब की तलाश में टीम को तैयार करना चाहते थे। कोलकाता नाइट राइडर्स के आईपीएल विजेता कप्तान श्रेयस अय्यर को पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये में हासिल किया जिससे वह नीलामी में बिकने वाले दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए जबकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को 18 करोड़ रुपए में खरीदा गया जिससे वह टूर्नामेंट के सबसे महंगे स्पिनर बन गए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप हाल में चहल को पछाड़कर भारत के सबसे ज्यादा टी20 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने।

पंजाब किंग्स ने उन्हें 18 करोड़ रुपये में रिटेन करने के लिए अपने आरटीएम कार्ड का इस्तेमाल किया, इससे वह आईपीएल नीलामी के इतिहास में सबसे महंगे बिकने वाले भारतीय तेज गेंदबाज रहे। पोंटिंग ने 'द हॉवी गेम्स% पॉडकास्ट में अपनी रणनीति के बारे में बात करते हुए कहा कि तीन खिलाड़ी थे जिन्हें मैं लाना चाहता था। इनमें से एक खिलाड़ी अर्शदीप सिंह पंजाब किंग्स के साथ तीन या चार साल से है। उन्होंने कहा कि मैं एक ऐसे कप्तान को भी लाना चाहता था जिसके साथ मैंने पहले काम किया हो और जिसे काफी सफलता मिली हो। इसलिए हमने श्रेयस अय्यर को चुना। मैं युजी को भी लाना चाहता था। इसलिए हमारे पास जो भारतीय खिलाड़ी हैं वे परफेक्ट हैं।



# बास्केटबाल स्टार जॉर्डन का बेटा ड्रग्स के साथ गिरफ्तार

फ्लोरिडा । अमेरिका के महान बास्केटबाल खिलाड़ी माइकल जॉर्डन का बेटा मार्कस जॉर्डन कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह घटना 4 फरवरी की है उस समय मार्कस जॉर्डन की लैम्बर्गिनी एसयूवी कार एक रेलवे ट्रैक के पास फंस गई थी। पुलिस अधिकारियों ने कार की जांच की तो पता लगा कि मार्कस शराब के नशे में थे। पूछताछ में मार्कस ने माना है कि उन्होंने पास के ही एक क्लब में शराब पी थी। इसके बाद पुलिस ने जब उनकी जांच पड़ताल की तो उनकी जेब से एक बैग मिला, जिसमें कोकीन मिली। इसके बाद उन्हें ऑरेंज काउंटी जेल में ले जाया गया जहां उन्हें 4 हजार अमेरिकी डॉलर करीब 3.50 लाख रुपए के बॉन्ड पर जमानत मिल गयी। मार्कस पहली बार ही नहीं पकड़े गये हैं। इससे पहले भी वह साल 2012 में ओमाहा के नेब्रास्का में दो महिलाओं के साथ विवाद को लेकर गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा वह साल 2024 में फ्रांस में छुट्टियां मनाने गए थे। उस दौरान उनकी कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इसमें वह सफेद रंग की कुछ चीज को सूंघने में व्यस्त दिखे थे। जॉर्डन एनबीए के स्टार खिलाड़ी रहे हैं। प्लेयर थे। संन्यास के बाद वह कारोबारी बन गये। अब उनकी नेटवर्थ हजारों करोड़ में है। फोबर्स मैग्जीन के अनुसार साल 2024 तक माइकल जॉर्डन का कुल नेटवर्थ 350 करोड़ अमेरिकी डॉलर तकरीबन 3000 हजार करोड़ से भी ज्यादा है। जॉर्डन की कमाई का मुख्य जरिया बिजनेस के अलावा एनबीए की टीम में उनकी हिस्सेदारी से होती है।



# चैम्पियंस ट्रॉफी में बुमराह नहीं खेले तो भारतीय टीम की जीत की संभावनाएं कम होंगी : शास्त्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि अगर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह नहीं खेले तो आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की जीत की संभावनाएं कम हो जाएंगी। बुमराह अभी अपनी पीठ के दर्द से उबरे नहीं और फिटनेसे हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। शास्त्री का मानना है कि बुमराह की संभावित अनुपस्थिति भारत के अभियान को काफी कमजोर कर सकती है, जिससे उनकी जीत की संभावना लगभग 30-35 फीसदी कम हो जाएगी। 2024 में शानदार प्रदर्शन करने वाले बुमराह को हाल ही में आईसीसी पुरस्कारों में आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर और आईसीसी पुरुष टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड मिला था। बुमराह ने भारत के विजयी पुरुष टी20 विश्व कप अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी बुमराह का प्रदर्शन शानदार रहा। सिडनी में खेले गए आखिरी टेस्ट में वह पीठ में ऐंठन के कारण मैदान से बाहर हो गए। वह चैंपियंस ट्रॉफी टीम में शामिल है लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एकदिवसी सीरीज से बाहर हैं, इससे उनकी फिटनेस पर सवाल उठ रहे हैं। शास्त्री ने आईसीसी समीक्षा में बुमराह को टीम में वापस लाने के खिलाफ दृढ़ता से सलाह दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर काफी व्यस्त है और एक टूर्नामेंट के लिए अपने प्रमुख तेज गेंदबाज को जोखिम में डालने से खतरनाक परिणाम हो सकते हैं। शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि यह उच्च जोखिम है। भारत के लिए बहुत बड़ा क्रिकेट आने वाला है। अपने करियर के इस पड़ाव पर मुझे लगता है कि ऐसा नहीं होता कि आप उसे अचानक एक गेम के लिए वापस बुलाए और कहें कि अच्छा प्रदर्शन करो लेकिन जब आप चोट से वापसी करते हैं तो यह इतना आसान नहीं होता।



समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# प्रियदर्शन की हेरा फेरी 3 में नजर आएंगी तब्बू?

प्रियदर्शन की सुपरहिट कॉमेडी फिल्म हेरा फेरी की तीसरी सीरीज को लेकर तब्बू ने रिएक्ट किया है। तब्बू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा है कि उनके बिना ये कास्ट अधूरी है। बता दें कि अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल के साथ तब्बू ने पहली फिल्म में भी काम किया था।
फिल्म प्रड्यूसर और डायरेक्टर प्रियदर्शन की सुपरहिट कॉमेडी फिल्म हेरा फेरी में नजर आ चुके एक्टर्स में शामिल रहीं तब्बू ने फिल्म की तीसरी सीरीज को लेकर कहा है कि उनके बिना हेरी फेरी-3 की कास्ट अधूरी रहेगी। हेरा फेरी में तब्बू के को-स्टार रहे अक्षय कुमार ने हाल में इंस्टाग्राम पर प्रियदर्शन को जन्मदिन की बधाई दी थी जिसके जवाब में फिल्म निर्माता ने कहा था कि वह हेरा फेरी 3 बनाने के लिए तैयार हैं। तब्बू ने इंस्टाग्राम पर कुमार के पोस्ट को फिर से शेयर करते हुए लिखा, बेशक, कास्ट मेरे बिना पूरी नहीं होगी। हेरा फेरी एक सुपर बॉलीवुड कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म साल 2000 में रिलीज हुई थी। फिल्म में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, परेश रावल और तब्बू लीड रोल में थे। फिल्म में परेश रावल एक गैराज मालिक बाबूराव गणपतराव आप्टे, एक चालाक और आवारा लड़का राजू (अक्षय कुमार) और एक स्ट्रगलर श्याम (सुनील शेट्टी) की कहानी है। इसमें तब्बू ने अनुराधा का किरदार निभाया था। तीनों एक्टर्स साल 2006 की सीक्वल फिर हेरा फेरी में नजर आए थे लेकिन इसमें तब्बू नहीं थीं। हेरा फेरी फिल्म फ्रैंचाइज़ी के निर्माताओं ने अभी तक ऑफिशियली तीसरे सीरीज की घोषणा नहीं की है। तब्बू, अक्षय कुमार और परेश रावल इस समय प्रियदर्शन की अगली हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूत बंगला की शूटिंग कर रहे हैं जो दो अप्रैल 2026 को रिलीज़ होगी।



# सामंथा से लेकर शरवरी तक, बॉलीवुड में इन अभिनेत्रियों के एक्शन का बजता है डंका

बॉलीवुड जगत अपनी अलग-अलग कहानियों और शानदार फिल्मों के कारण चर्चा में बना रहता है। फिल्मी जगह की अभिनेत्रियां भी अक्सर अपनी अलग तरह की फिल्मों के कारण चर्चा में रहती हैं। राज एंड डीके की सीरीज 'रक्त ब्रम्हांड' में सामंथा रुथ प्रभु एक बार फिर अपने एक्शन अवतार में नजर आएंगी। सामंथा इस सीरीज में आदित्य रॉय कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी।
सामंथा रुथ प्रभु अपनी फिल्म रक्त ब्रम्हांड के कारण चर्चा में हैं। इससे पहले वे ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म सिटाडेल हनी बनी में अपने एक्शन अवतार में नजर आईं थीं। सामंथा इस सीरीज में वरुण धवन के साथ एक्शन सीक्वेंस करती नजर आईं थीं।

## प्रियंका चोपड़ा



बॉलीवुड से हॉलीवुड में जाकर अपने करियर की अलग बुलंदी हासिल करने वाली प्रियंका चोपड़ा भी अपनी एक्शन फिल्मों के कारण चर्चा में रहती हैं। वे डॉन 2 (2011), अग्निपथ (2012) और कृष 3 (2013) में नजर आ चुकी हैं।

## शरवरी



शरवरी को फिल्म मुंज्या में देखा गया था। वे अब अपनी फिल्म अल्फा के कारण चर्चा में हैं। इस फिल्म में शरवरी का एक्शन अवतार नजर आ सकता है।

## आलिया भट्ट



फिल्म अल्फा में शरवरी के साथ आलिया भट्ट भी नजर आने वाली हैं। आलिया इससे पहले जिगरा में भी अपना एक्शन अवतार नजर आ चुकी हैं।



# बड़े हीरो संग फिल्मों के सवाल से झुंझलाईं पूजा हेगड़े

पूजा हेगड़े फेमस एक्ट्रेस हैं। वो साउथ के साथ-साथ कई हिंदी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने ऋतिक रोशन से लेकर शाहिद कपूर की हालिया रिलीज देवा में उनके साथ काम किया है। इसमें उन्होंने एक जर्नलिस्ट का रोल निभाया है। अब फिल्म के प्रमोशन से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस एक इंटरव्यू लेने वाले पर भड़क रही हैं। दरअसल, उसने ऋतिक, शाहिद और सलमान खान जैसे बड़े हीरो के साथ फिल्में मिलने पर बार-बार सवाल किया, जिससे वो नाराज हो गईं। एक जर्नलिस्ट ने पूछा, क्या ये सिर्फ लक था कि आते ही आपको सलमान खान, ऋतिक रोशन, रणवीर सिंह, शाहिद कपूर... सारे बड़े हीरोज के साथ फिल्में मिल रही हैं। क्या आपको लगता है कि किस्मत की वजह से ऐसा हुआ है? या आप सोचती हैं कि आप इसे डिजर्व करती हैं? ये सवाल सुनकर पूजा हैरान हुई और जवाब दिया, मेरा मतलब है... बिल्कुल मैं डिजर्व करती हूं। मुझे लगता है कि कोई कारण रहा होगा, तभी मुझे उन फिल्मों में कास्ट किया था। इसके बाद उनसे पूछा गया कि साउथ एक्ट्रेसेस को बॉलीवुड में बड़े हीरोज के साथ काम करने के लिए काफी स्ट्रगल करना पड़ता है! इस पर पूजा हेगड़े ने जवाब दिया, मुझे लगता है कि एक कहावत है कि भाग्य तब होता है, जब मौका तैयारी से मिलता है। मुझे लगता है कि मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ। जब मौका मिला तो मैं इसे करने में सक्षम होने के लिए खुद को तैयार कर रही थी। इसलिए अगर आप इसे किस्मत कहना चाहते हैं तो ठीक है।

## पूजा का पारा हुआ हाई

पूजा के जवाब देने के बाद भी उनसे पूछा गया, आप फिल्में कैसे सेलेक्ट करती हैं? बड़ा हीरो? इस बार एक्ट्रेस खुद पर कंट्रोल नहीं रख सकीं और पलटकर कहा, आपको क्या प्रॉब्लम है मेरे से? तभी पूजा के बगल में बैठे शाहिद कपूर ने मजाकिया अंदाज में कहा, वो आपकी तरह बनना चाहता है।

# 'लकी भास्कर' के बाद नए प्रोजेक्ट में जुटे दुलकर सलमान



मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के अभिनेता दुलकर सलमान एक और फिल्म दर्शकों के बीच लेकर आने को तैयार हैं। अभिनेता को आखिरी बार 'लकी भास्कर' में देखा गया था, उनके अभिनय की फैंस ने काफी तारीफ की थी। अब वह अपने नए प्रोजेक्ट 'आकाशमलो ओका तारा' की तैयारी में जुट गए हैं। हैदराबाद में इस फिल्म के लिए पारंपरिक पूजा समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में दुलकर सलमान, निर्देशक पवन सादिनेनी, अश्विनी दत्त, अल्लू अरविंद और टीम के अन्य प्रमुख सदस्य शामिल हुए। तमिल अभिनेत्री सात्विका वीरवल्ली 'आकाशमलो ओका तारा' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं।



# फिल्म 'कन्नप्पा' में रुद्र की भूमिका में नजर आएंगे प्रभास

**हाल ही में साउथ एक्टर प्रभास ने फिल्म 'कन्नप्पा' में अपना लुक फोटो शेयर किया है। प्रभास के इस लुक को देखकर उनके फैंस ने भी रिएक्शंस दिए हैं। माइथोलॉजिकल फिल्म 'कन्नप्पा' में प्रभास, रुद्र की भूमिका निभाने वाले हैं। अपने फर्स्ट लुक के साथ प्रभास ने एक खास मैसेज भी अपने फैंस के साथ साझा किया है।**

इस साल प्रभास फिल्म 'राजा साहब' में नजर आएंगे। लेकिन इससे पहले वह फिल्म 'कन्नप्पा' में नजर आएंगे। इसमें वह रुद्र नाम का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में लीड रोल में विष्णु मांचू हैं। इस फिल्म में प्रभास का लुक कैसा होगा, इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस को दी है। रुद्र की भूमिका निभाने को लेकर एक्साइटेड प्रभास ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें वह फिल्म 'कन्नप्पा' में रुद्र की भूमिका में नजर आ रहे हैं। इस किरदार में उनका लुक काफी हटकर नजर आ रहा है। अपनी पोस्ट के साथ प्रभास ने एक कैप्शन भी लिखा है- ' मेरा किरदार रुद्र फिल्म 'कन्नप्पा' में शक्ति और ज्ञान का अवतार है। यह फिल्म भक्ति, त्याग और प्रेम की एक अनोखी यात्रा है। इस कहानी का हिस्सा बनने के लिए हमारे साथ शामिल हो जाइए। 25 अप्रैल को 2025 को 'कन्नप्पा' सिनेमाघरों में रिलीज होगी।'

## फैंस को पसंद आया प्रभास का लुक

प्रभास का रुद्र का लुक उनके फैंस को भी पसंद आया है। एक्टर की पोस्ट पर फैंस ने उन्हें सिनेमा का किंग कहा। साथ ही रुद्र की भूमिका में प्रभास को देखने के लिए फैंस भी काफी उत्साहित दिखे। कई फैंस ने भी हर हर महादेव अपने कमेंट में लिखा और प्रभास को सपोर्ट किया।

## फिल्म की कहानी -स्टार कास्ट

फिल्म कन्नप्पा की कहानी की बात की जाए तो यह एक माइथोलॉजिकल फिल्म है, इसका डायरेक्शन मुकेश कुमार सिंह ने किया है। विष्णु मांचू ने कन्नप्पा की भूमिका निभाई है, जो भगवान शिव का बहुत बड़ा भक्त है। फिल्म में विष्णु मांचू और प्रभास के अलावा मोहनलाल, शिवराज कुमार, नयनतारा, तमन्ना भाटिया, काजल अग्रवाल, आर सरथकुमार, ब्रह्मानंदम भी नजर आएंगे।



# मेरा अपना सफर है, पापा आमिर खान को अपनी विरासत खुद संभालनी पड़ेगी

**ओटीटी पर आई महाराज से अपने अभिनय का सिक्का जमाने वाले जुनैद खान भले इंडस्ट्री के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान के बेटे हों, मगर वे अपना एक अलग रास्ता तय करने की ठान चुके हैं, यही वजह है कि उन्होंने थिएटर किया, हिंदी जुबान सीखी, असिस्टेंट डायरेक्टर रहे, अमेरिका जाकर अभिनय का कोर्स किया, ऑडिशन दिए। इन दिनों वे लगातार खबरों में हैं अपनी नई फिल्म लवयापा से।**

**आप इंडस्ट्री के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले एक्टर आमिर खान के बेटे हैं। फिल्मों में उनकी विरासत को आगे बढ़ाने को लेकर आप प्रेशर फील करते हैं?**

सच कहूं, तो मैं प्रेशर फील नहीं करता, क्योंकि मुझे लगता है हर किसी की अपनी जर्नी होती है। उनकी विरासत उन्हीं को संभालनी पड़ेगी, क्योंकि वो अभी भी काम कर रहे हैं। मेरी तो अभी महज शुरुआत है। मेरी फिल्म के बाद उनकी फिल्म भी रिलीज होगी, तो मुझे लगता है उनकी विरासत उनके हाथों काफी सुरक्षित है।

**बचपन में आप डिस्लेक्सिया जैसे रोग के शिकार भी रहे, कितना चुनौतीपूर्ण रहा वो दौर?**

मेरा डिस्लेक्सिया काफी जल्दी डिटेक्ट हो गया था। मैं उस वक्त महज 6-7 साल का रहा होऊंगा, जब मम्मी-पापा को पता चल गया था कि मैं एक डिस्लेक्सिक बच्चा हूं। उस वक्त पापा तारे जमीन की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे थे। मम्मा और पापा से मुझे बहुत सपोर्ट मिला। उन्होंने मुझे हर तरह से समझा। उसके बाद उन्होंने कभी नहीं पूछा कि मेरे मार्क्स कितने आए हैं। उन लोगों के लिए हमेशा ये मायने रखता था कि मैं कितनी कोशिश कर रहा हूं। रिजल्ट को लेकर उनको कभी कोई चिंता नहीं रही। मैं उस दौर में डिस्लेक्सिया रेमिडेशन के लिए जाता था। मुझे इससे काफी मदद मिली। मैं डिस्लेक्सिया के इलाज के लिए कई संस्थाओं से भी जुड़ा, जिनके कारण मुझमें और मेरी पढ़ाई में सुधार आया। जैसे आपने तारे जमीन फिल्म में देखा होगा कि जो छोटे बच्चे होते हैं, वो कई चीजें नहीं कर पाते, जबकि टीचर्स और माता-पिता को लगता है कि बच्चे शैतानी कर रहे हैं, जबकि ऐसा नहीं होता। डिस्लेक्सिया से पीड़ित बच्चे को लेकर जो समझ होनी चाहिए, वो उन्होंने पकड़ी। असल में उन्होंने तारे जमीन की स्क्रिप्ट पढ़ी थी और इससे उन्हें बहुत मदद मिली।

**आपने ओटीटी पर महाराज से अनकन्वेंशनल डेब्यू किया, मगर क्या उसके पहले आपको रिजेक्शन से गुजरना पड़ा?**

मैं पीके जैसी फिल्मों में सहायक निर्देशक रहा हूं। अपनी ग्रेजुएशन पूरी करने के बाद मैंने अमेरिकन एकेडेमिक्स ऑफ ड्रामेटिक आर्ट्स में दाखिला लिया ताकि मैं अभिनय को और ज्यादा समझ सकूं। 2017 में जब मैं वो कोर्स करके लौटा, तो मैं यहां थिएटर करने लगा। उस दौरान मैंने कई ऑडिशन दिए। अलग-अलग निर्देशक मुझे ऑडिशन के लिए बुलाते थे, मगर मैं किसी फिल्म के लिए सेलेक्ट नहीं हुआ। मुझे लगता है कि किसी भी रोल के लिए चुने या नकारे जाने के कई कारण होते हैं। उस वक्त मैंने यही सोचा कि हर फिल्म की अपनी तकदीर होती है। मुझे जब महाराज मिली, तो मुझे लगा कि उस फिल्म की तकदीर में मैं था। लोगों को मेरा काम पसंद आया और अब उम्मीद करता हूं कि लवयापा में भी लोग मुझे पसंद करें।

**आपकी फिल्म लवयापा की बात करूं, तो इसमें आपके साथ खुशी कपूर की केमेस्ट्री काफी चर्चा में है। कैसा रहा उनके साथ काम करने का अनुभव?**

खुशी काफी कमाल की अभिनेत्री हैं। मगर वो ज्यादा बातचीत नहीं करती। हम पहली बार अद्वैत (निर्देशक अद्वैत चंदन) मिले थे, मगर दोनों ही चुप बैठे हुए थे। अद्वैत डर गए कि ये दोनों स्कूल आए बच्चों की तरह बर्ताव कर रहे हैं। ये दोनों मेरे हीरो-हीरोइन कैसे हो सकते हैं? मगर फिर हमारी रिहर्सल शुरू हुई। काम करते हुए खुशी काफी खिल जाती हैं। वैसे हमारे काफी सीन फोन पर हैं, तो हमारे सीन अलग-अलग शूट हुए थे, मगर हमें वो ऐसे करने थे कि केमेस्ट्री लगे और वो हमारे बीच रिहर्सल से आई। हमारे बीच काफी समानताएं भी हैं, तो हम एक तरह से एक ही नाव में सवार हैं।